हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025

नगर संस्करण

वर्षः 01,अंकः274

RNI No. : JHAHIN - 01092

मूल्य : दो रुपए

जमशेदपुर से प्रकाशित

rashtrasamvad.com

**सुविचार**

मत कर इतना गुमान अपने आप पर की कोई साथ रोने वाला भी ना मिले ।



# महाकुंभ में करीब 50 करोड़ लोग पहुंचे

**भारत और चीन की आबादी के बाद यह तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा**

**प्रयागराज ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ में अब तक 49 करोड़ से ज्यादा लोग डुबकी लगा चुके हैं। बीते करीब एक महीने से जारी महाकुंभ में तीन शाही स्नान और उसके बाद माघी पूर्णिमा के स्नान के दौरान जबरदस्त भीड़ जुटी। करोड़ों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रयागराज की महाकुंभनगरी की जनसंख्या को दुनिया के दो सबसे बड़े देशों के बाद तीसरे स्थान पर खड़ा कर दिया। आलम यह था कि डेढ़ महीने में प्रयागराज पहुंचे लोगों की कुल संख्या अमेरिका की जनसंख्या से भी ज्यादा हो गई। रिकॉर्ड्स की बात करें तो महाकुंभ 2025 के आयोजन जैसा दुनिया में कोई भी आयोजन अब तक दर्ज नहीं किया गया है।

**भारत में कब-कब बन चुका है जमावड़े का रिकॉर्ड?** भारत की आबादी के चलते यहां होने वाले कई आयोजनों में लाखों लोगों की संख्या देखी जाती है। हालांकि, कुंभ मेलों में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए लोगों का समागम देखते ही बनता है। यही वजह है कि दुनिया के कुछ सबसे बड़े जुटावों में 2025 के महाकुंभ मेले से पहले 2019 को प्रयागराज में हुआ अर्ध कुंभ, 2013 में प्रयागराज में हुआ कुंभ और 2010 में हरिद्वार में हुआ कुंभ शामिल है।

**प्रयागराज में एक महीने के अंदर पहुंची भीड़, कितने देशों की आबादी से ज्यादा?** प्रयागराज में एक महीने के अंदर पहुंची भीड़ का आंकड़ा करीब 50 करोड़ पर पहुंच रहा है। आंकड़ों की बात करें तो दुनिया के 234 देशों और रिहायशी द्वीपों के मुकाबले महाकुंभनगरी में 30 दिन के अंदर ही भारत और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी आबादी के बराबर जमावड़ा हो चुका है। सिर्फ भारत (आबादी 1 अरब 45 करोड़) और चीन (आबादी 1 अरब 41 करोड़) ही इस आंकड़े से आगे हैं। वहीं, अमेरिका (आबादी 34 करोड़ 54 लाख), इंडोनेशिया (28 करोड़ 34 लाख) और पाकिस्तान (25 करोड़ 12 लाख) की आबादी भी प्रयागराज में पहुंचे लोगों से कम ही रही है।

## झारखंड में उत्तर पश्चिमी हवाओं से फिर लौटी ठंड



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** राज्य भर में उत्तर उत्तरी पश्चिमी हवाओं के चलने से ठंड फिर से लौट आई है। इन हवाओं के चलने से जहां रात में कनकनी बढ़ गई है। वहीं दिन में भी ठंड का एहसास हो रहा है। गुरुवार की तुलना में शक्रवार को न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। ठंड कम होने से लोग गर्म कपड़े रखने की तैयारी में थे, लेकिन ठंड बढने से लोगों को गर्म कपड़ों की फिर जरूरत महसूस होने लगी। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। उल्लेनखनीय है कि मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक तापमान में उतार चढाव होने की बात कही है। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 25.2 और न्यूनतम 5.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि जमशेदपुर में 32.2 और 12 डिग्री, डालटेनगंज में 29.6 और 9.3 डिग्री, बोकारो में 31.1 और 10.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 33.4 और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त के चयन के लिए 17 फरवरी को होगी अहम बैठक

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति वरिष्ठता के आधार पर होती थी. सेवानिवृत्त होने वाले मुख्य निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश पर ही नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति की जाती थी, लेकिन अब नए वैधानिक प्रावधानों के तहत चयन समिति बहुमत या सर्वसम्मति से नए निर्वाचन आयुक्त या मुख्य निर्वाचन आयुक्त का चयन करेगी । निर्वाचन आयोग में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के बाद सबसे वरिष्ठ निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) बनने की प्रबल संभावनाएं हैं ।

## गुजरात में बच्चे को 16 करोड़ का इंजेक्शन दिया गया

**अमेरिका से 72 घंटे में पहुंचा, गुजरातियों ने 1 महीने में ही चंदे से जमा किए रुपए**

**अहमदाबाद ,एजेंसी।** गुजरातियों ने एक बार फिर मानवता दिखाई है। चार साल पहले, गुजराती गोधरा के एक बच्चे की जान बचाने के लिए जरूरी 16 करोड़ रुपए जुटाने सड़कों पर उतर आए था। ऐसा ही अब हिम्मतनगर में हुआ है। यहां एक गरीब परिवार के 20 महीने का बच्चे को 16 करोड़ रुपए के इंजेक्शन की जरूरत थी। परिवार की गुहार पर लोगों ने पैसे इकट्ठे करने का अभियान शुरू किया और आखिरकार यह रकम जमा कर ली गई। बीते सोमवार को अमेरिका से यह इंजेक्शन अहमदाबाद पहुंचा और मंगलवार की शाम बच्चे को इसके डोज दिए गए। डॉक्टर्स का कहना है कि अब उसकी हालत में सुधार होना शुरू हो गया है। गुजरात में एसएमए टाइप-1 से पीड़ित किसी बच्चे को इंजेक्शन दिए जाने का पहला मामला है।

# पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को मुख्यमंत्री हेमंत समेत अनेक जनों ने किया नमन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को नमन किया है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि 2019 में पुलवामा में कायराना आतंकी हमले में शहीद होने वाले अमर वीर जवानों की शहादत को शत-शत नमन।

वहीं दूसरी ओर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला विधायक चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर सपूतों को शत शत नमन। आपके अदम्य साहस, वीरता और शौर्य का राष्ट सदैव ऋणी रहेगा।



इसके अलावा लोकसभा सांसद और भाजपा नेता संजय सेठ ने कहा कि पुलवामा के आतंकी हमले में अपना बलिदान देने वाले मां भारती के सभी वीर सपूतों को मेरा कोटि-कोटि नमन। राष्ट्रहित के लिए दिया गया आपका बलिदान, हर देशवासी के लिए प्रेरणा देने वाला है। यह देश आपके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। आपकी वीरता को मेरा प्रणाम।

इसी प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पुलवामा में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद हुए मां भारती के वीर सपूतों को नमन।

मरांडी ने कहा कि संपूर्ण राष्ट वीर जवानों का यह बलिदान कभी नहीं भूलेगा।

वहीं दूसरी ओर से स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि 14 फरवरी 2019 पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को कोटि-कोटि नमन। उनकी शहादत को कभी नहीं भूल सकते। देश की रक्षा के लिए उनका बलिदान हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। जय हिंद।

डॉ. इरफान अंसारी ने एक फोटो भी साझा की है, जिसमें लिखा है कि 14 फरवरी 2019 यह वही दिन है जब हमारे वीर जवानों पर कायराना हमला हुआ था, जिसमें 40 से ज्यादा सीआरपीएफ जवान शहीद हो गये। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद इसका जिम्मेदार था।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय झारखंड दौरे पर**

# बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में होंगी शामिल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर शुक्रवार को रांची पहुंचीं। रांची एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राजभवन पहुंचीं, जहां राज्यपाल समेत डीजीपी अनुराग गुप्ता, सिटी एसपी राजकुमार मेहता समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रात्रि विश्राम के लिए राजभवन में ठहरेंगी। उनकी सुरक्षा को लेकर राजधानी में विशेष इंतजाम किए गए हैं। राजभवन और उसके आसपास पुलिस सतर्कता बढ़ा दी



गई है।शनिवार को सुबह 11ः00 बजे राष्ट्रपति का काफिला राजभवन से बीआईटी मेसरा पहुंचेगा, जहां वे बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस दौरान वे संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित रिसर्च एग्जिबिशन कम डिस्प्ले का उद्घाटन भी करेंगी।

## आदिवासी गांवों में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का फैसला स्वागतयोग्य : बाबूलाल

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के आदिवासी गांवों में नये आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के फैसले को स्वागतयोग्य बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि केंद्र सरकार की पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत झारखंड के आदिवासी गांवों में 1,220 नये आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का फैसला स्वागतयोग्य है। इससे आदिवासी समाज के विकास और पोषण में काफी सुधार होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने तारीफ करते हुए कहा कि यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनायेगा और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नये मौके प्रदान करेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति से महिलाओं का सशक्तिकरण भी होगा। केंद्र सरकार का यह निर्णय 'सबका साथ, सबका विकास' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो झारखंड के आदिवासी समुदाय के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा।

# केंद्र व किसानों के बीच पटरी पर आई वार्ता, अगली बैठक 22 फरवरी को

**किसानों ने संघर्ष जारी रखने का किया ऐलान-एमएसपी गारंटी पर दोनों पक्षों ने दिए अपने अपने तर्क**

**चंडीगढ़,एजेंसी।** पंजाब के खनौरी व शंभू बार्डर पर आंदोलन कर किसानों व केंद्र सरकार के बीच शुक्रवार की रात चण्डीगढ़ में पांचवे दौर की बैठक में कोई सहमति तो नहीं बनी लेकिन 22 फरवरी को कृषि मंत्री शिवराज चौहान की अध्यक्षता में बैठक के लिए सहमति बन गई है। छठे दौर की बैठक के लिए किसान संगठन सहमत हो गए हैं।

बैठक के बावजूद डल्लेवाल ने आमरण अनशन जारी रखने, पंधेर गुट ने 25 को दिल्ली कूच का फैसला कायम रखने का ऐलान किया।

शुक्रवार की बैठक केंद्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्री प्रह्लाद जोशी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें किसान नेता जगजीत सिंह



डल्लेवाल तबियत खराब होने के कारण स्ट्रेचर पर आए। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर, अभिमन्यु कोहाड़ समेत 28 सदस्यों के अलावा पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियाँ, लाल चंद कतारूचक, पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के अलावा केंद्र व पंजाब सरकार के अधिकारी शामिल हुए।

तीन घंटे चली बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि बैठक बेहद अच्छे माहौल में हुई है। किसानों ने सिलसिलेवार अपनी मांगे रखी। जोशी ने कहा कि आज की बैठक की रिपोर्ट वह केंद्रीय कृषि मंत्री को देंगे। अगली बैठक 22 फरवरी को होगी। बैठक में केंद्र सरकार ने अपना रोडमैप किसानों के आगे रखा और 2014 से अब तक किसानों को अलग अलग माध्यमों से दी गई राशि तथा लागू की गई योजनाओं की जानकारी दी।

केंद्र के प्रतिनिधियों ने जगजीत सिंह डल्लेवाल से अनशन समाप्त करने की अपील की जिसे डल्लेवाल ने खारिज के दिया। बैठक के बाद जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि आज की बैठक बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई है। उन्होंने कहा कि किसान अगली बैठक में शामिल होंगे।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि आज की बैठक में केंद्र सरकार द्वारा गठित कमेटी के साथ बैठक से इनकार कर दिया गया है। पंधेर ने कहा कि अगली बैठक दिल्ली में रखी जाए।

## ईशा फाउंडेशन केस- सुर्पीम कोर्ट का पॉल्यूशन बोर्ड से सवाल

**कैसे कह सकते हैं कि योग सेंटर शैक्षणिक संस्थान नहीं; देर से आना संदेह पैदा करता है**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ईशा फाउंडेशन केस से जुड़ी याचिका पर सुनवाई की। यह याचिका तमिलनाडु पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की तरफ से लगाई गई है। याचिकाकर्ता की मांग है कि, दिसंबर 2022 में मद्रास हाईकोर्ट ने ईशा फाउंडेशन को जारी कारण बताओ नोटिस को रद्द करने का आदेश दिया था। इस आदेश पर रोक लगाई जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि, आप कैसे कह सकते हैं कि योग सेंटर शैक्षणिक संस्थान नहीं है? जब राज्य दो साल बाद अदालत का दरवाजा खटखटाता है, तो हमें संदेह होता है।

## मंत्री प्रसाद ने की समीक्षात्मक बैठक, दिये कई निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**दुमका।** राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने दुमका परिसदन में दुमका और जामताड़ा जिले के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की।

बैठक में संबंधित जिलों में संचालित पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री ने पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पदाधिकारियों से योजनाओं के वर्तमान कार्यों, उनकी प्रगति में आ रही चुनौतियों एवं समाधान के उपायों पर चर्चा की।

मंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाये। स्वच्छता मिशन के तहत बनाये गये शौचालयों के स्थिति की नियमित जांच की जाये और जो भी कमियां हैं, उन्हें शीघ्र सुधार किया जाये। बैठक में कई



क्षेत्रों में जल आपूर्ति परियोजनाओं के कार्यों में धीमी प्रगति हो रही है। इसको लेकर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पदाधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न अभियानों को और प्रभावी बनाया जाये। साथ ही हैंड पंप एवं पाइप लाइन जलापूर्ति योजनाओं के नियमित रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दुमका एवं जामताड़ा जिले के कार्यपालक पदाधिकारियों से जिला पूर्ति योजना की रिपोर्ट मांगी और जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उत्पाद विभाग की समीक्षा में मंत्री ने कहा कि शराब की बिक्री में कमी और नकली शराब और ओवररेटिंग की शिकायतें मिली हैं। उस पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।



# बोकारो: अंतरप्रांतीय गिरोह के चार कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, झारखंड-बिहार समेत 31 मामलों में थे वांछित

## पुलिस ने छापेमारी कर इन्हें चास थाना क्षेत्र के सुल्तान नगर स्थित किराए के मकान से गिरफ्तार किया

**राष्ट्र संवाद संवाददाता , ओम प्रकाश शर्मा, बोकारो**



चीरा चास पुलिस ने शुक्रवार को अंतरप्रांतीय आपराधिक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया, जो झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में सक्रिय थे। इन अपराधियों के खिलाफ चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और मारपीट के कुल 31 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने छापेमारी कर इन्हें चास थाना क्षेत्र के सुल्तान नगर स्थित किराए के मकान से गिरफ्तार किया, जहां ये छिपे हुए थे। मकान मालिक को भी इनके आपराधिक गतिविधियों की जानकारी थी। बैंक से निकासी के बाद लूटपाट, पुलिस ने ऐसे किया गिरोह का पदार्फाश

चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि 26 नवंबर 2024 को पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के कुरमा निवासी जगदीश मांझी बैंक से 28 हजार रुपये निकालकर लौट रहे थे। इसी दौरान तलगड़िया मोड़ के पास बाइक सवार अपराधियों ने झपट्टा मारकर रुपये और बैंक दस्तावेज लूट लिए थे। मामले की जांच के दौरान पुलिस को इस गिरोह का सुराग मिला और गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अपराधियों को धर दबोचा गया।

**गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, लूट के दस्तावेज और मोटरसाइकिल बरामद**

एसपी मनोज स्वर्गियारी के निर्देश पर चीरा चास थाना प्रभारी चंदन कुमार दूबे के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई, जिसमें पुअनि राजकपूर सेठ, सअनि धीरेन कुमार, पुअनि संदीप कुमार, पुअनि नीतीश कुमार और सशस्त्र बल शामिल थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने लूट के बैंक दस्तावेज, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और 4,000 रुपये बरामद किए।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान: प्रकाश दास झ मुसखटाल मदासी पाड़ा, पुरषोत्तमपुर, बंगाल, दीपक राव झ पाण्डुवा, हुगली, पश्चिम बंगाल, अर्जुन राव उर्फ कुशल राव उर्फ कुश झ पाण्डुवा, हुगली, पश्चिम बंगाल (स्थायी पता झ कोराई, जाजपुर, ओडिशा), विक्रम राव झ पाण्डुवा, हुगली, पश्चिम बंगाल के रहने वाले के रूप में की गई है।

**बरामद सामान:**

तीन एंड्रॉयड मोबाइल तीन मोटरसाइकिल, मोटरसाइकिल डिक्की तोड़ने का औजार, लोहे का हथौड़ा शामिल है।

तीन राज्यों में दर्ज हैं 31 मामले, अपराधियों को भेजा गया जेल

गिरफ्तार अपराधियों पर झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के विभिन्न थानों में चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट के तहत 31 मामले दर्ज हैं। पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। सभी अपराधियों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

# घर के सामने से ट्रैक्टर ले भागा चोर

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**बसंतराय:** बसंतराय थाना क्षेत्र अंतर्गत डेरमा पंचायत के सनौर गांव से बृहस्पतिवार रात को घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर को चोरों ने चुराकर ले भागा हो जिसका गाड़ी (स्वराज ट्रैक्टर) संख्या खल17-अइ-0791 बताया गया। थाना क्षेत्र में चोरों का मनोबल चौथे आसमान पर है लगातार चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे रहीं हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन लगाम लगाने में असफल दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों में भय का माहौल है। गांव में कई तरह के चर्चा परिचर्चा होने लगी। वहीं ट्रैक्टर के मालिक राजू मंडल ने बताया कि रात 10 बजे के करीब गाड़ी घर के बाहर दरवाजे पर लगा हुआ ही था। लेकिन जब सुबह सवेरे जब नींद टूटी और बाहर निकल कर देखें तो गाड़ी दरवाजे से गायब था। वहीं ट्रैक्टर मालिक ने बताया कि आसपास के जगह में बहुत खोजने का प्रयास किया लेकिन कोई अता-पता नहीं चला। धोरैया थाना क्षेत्र के कई जगहों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले लेकिन कुछ भी हाथ नहीं आया। वही पीड़ित राजू मंडल ने शाम के 4:00 बजे करीब स्थानीय थाना में जाकर आवेदन दिया। प्रशासन के द्वारा उनको आश्वासन मिला है कि सभी बिंदुओं पर जांच किया जाएगा। अब सवाल यह भी उठता है कि स्थानीय प्रशासन क्या चोरों पर लगाम लगा पाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

# पीर साहब पहूंचे बिक्रमपुर, लोगों ने किया फुल बरसाकर स्वागत



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जामताड़ा:** कुंडहित प्रखंड के विक्रमपुर में पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला अंतर्गत गायसाड़ा शरीफ स्थित खानका-ए-बोखारीया के गद्दीनशीन हजरत सैयद मौलाना सैफुल हुसैन साहब बोखारी का आगमन हुआ ।

आगमन को लेकर विक्रमपुर सहित आसपास के गांवों में काफी खुशी का माहौल देखा गया । वही आगमन के दौरान हजरत सैयद मौलाना सैफुल हुसैन बोखारी का लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया ।मालूम हो कि पीर साहब सप्ताह भर विक्रमपुर में रहेंगे। मौके पर पेश इमाम हाफिज व कारी अहमद अली रिजवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# नाबार्ड के सहयोग से चल रही योजनाओं को मिले गति: मुख्य सचिव

**राष्ट्र संवाद ,संवाददाता**



**रांची:** मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी की अध्यक्षता में रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड और अन्य योजनाओं की हाई पावर कमिटी की बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि योजनाओं के समय पर पूरा होने से ही नाबार्ड के ऋण का पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने धीमी गति वाली योजनाओं में प्रगति लाने और शीघ्र पूर्ण होने योग्य योजनाओं पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत कुल 500 योजनाओं के लिए 1839.39 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत या प्रक्रियाधीन हैं। इनमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 18 योजनाओं के लिए 976.96 करोड़ रुपये, पलामू लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 308 करोड़, पीरटांड़ मेगालिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 461.53 करोड़, और कृषि विभाग की 369 गोदामों के निर्माण के लिए 92.85 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है।

समीक्षा के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि सड़क निर्माण विभाग की 34 में से 22 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि 12 अंतिम चरण में हैं।

जल संसाधन विभाग की 2,873 करोड़ रुपये की सिंचाई परियोजनाओं में 4 बड़े प्रोजेक्ट जल्द पूरे होने की स्थिति में हैं, जबकि ग्रामीण विकास विभाग की 380 करोड़ की योजनाओं की प्रगति संतोषजनक पाई गई।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री अजय कुमार, पथ निर्माण सचिव श्री सुनील कुमार, कृषि सचिव अबू वक्कर सिद्धीकी, ग्रामीण विकास सचिव श्री के श्रीनिवासन और नाबार्ड के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# आबुआ आवास का दुसरा किश्त नहीं मिलने पर,दो बच्चों के पानी टंकी में रहने को बेबस परिवार



**रानीश्वर, राष्ट्र संवाद संवाददाता**

रानीश्वर प्रखंड के पाथरा पंचायत अंतर्गत रानीश्वर गांव के रहने वाली मौसुमी भट्टाचार्य,एक गरीब महिला को झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही अबुआ आवास योजना की स्वीकृति बर्ष02023-24 को मिला है, पहली किश्त उनको लगभग चार महीने पूर्व तीस हजार रूपए मिला है, उसी पैसे से उन्होंने आपना कच्चा मकान तौर कर, उसी आस लेकर परिवार को लेकर अपने घर से एक विराम जागह में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से बनाईं गई पानी टंकी के छोटे से कमरे में रहने लगी।पर उसे किया पता था कि जिसके कारण वह आपना मकान तौर रहीं हैं,एक पक्का मकान के लिए, वही एक दिन और तकलीफ का कारण बन जाएगा,जब उनके दो बच्चे उनसे पूछते है की मां हमारा घर कब बनेगा और कब हम अपने घर को जा पायेंगे,तब उस मां के आंखों में आसूं आते हैं और मुंह बंद हो जाता है। उन्होंने कोई बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट कर थक गई,, प्रखंड कार्यालय के कर्मचारियों से लेकर अधिकारी का एक ही कहना है, हमारे हाथ में नहीं अब जो करना है जिला से होगा, अब वह मजबूर महिला काहा जाई और कोन उसकी समस्या को सुनें,कब देखने वाले बात है। उसकी परिवार अपने नये मकान में रहेंगे।

# खबर का असर: तालाब निर्माण में अनियमितता मामले को लेकर जांच में पहुंचे एसडीओ

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



जामताड़ा के नाला प्रखंड के देवजोड़ गांव में निमार्णाधीन भूमि संरक्षण विभाग के तालाब में कई गड़बड़ी सामने आया है।इसका खुलासा तब हुआ जब ग्रामीणों की शिकायत पर डीडीसी निरंजन कुमार के निर्देश पर एसडीओ अनंत कुमार और आरईओ के कार्यपालक अभियंता दुखा मंडल के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम जांच के लिए पहुंची।जांच टीम में अंचलाधिकारी कयूम अंसारी, सीआई श्याम सुंदर बेसरा और कनीय अभियंता कुंदन कुमार दास भी शामिल थे।जांच टीम ने सबसे पहले लाभुक समीर माजी से तालाब निर्माण के ग्रामसभा, एग्रीमेंट, विभागीय कायादेश, अभिलेख, तकनीकी प्राक्कलन सहित जरूरी दस्तावेज दिखाने को कहा।जिसपर लाभुक घंटेभर का समय दिए जाने के बावजूद जांच टीम को कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाए।वहीं निर्माण स्थल पर कोई सूचना बोर्ड भी नहीं था।लाभुक जांच टीम के सवालों का सही जवाब ही नहीं दे पाए।इसके बाद तालाब की नापी कराई जिसमें गहराई निर्धारित मानक 12 फीट से 5 इंच कम निकला।हैरानी तो तब हुई जब जांच टीम को ग्रामीणों ने तालाब के पिछले हिस्से पर जांच के लिए ले गई तो उन्हें पुराने तालाब के मेड दिख गए।जिसके बाद एसडीओ ने जीपीएस लोकेशन निकाला तो वहां पुराना तालाब होने का प्रमाण मिल गया।इतना ही नहीं तालाब निर्माण में आवाजाही के रास्ते को अतिक्रमण करने की बात सामने आई। इन सभी गड़बड़ियों को देखकर एसडीओ अनंत कुमार ने लाभुक समीर माजी को कड़ी फटकार लगाई।एसडीओ अनंत कुमार ने कहा कि पूरे मामले पर भूमि संरक्षण विभाग तथा अंचलाधिकारी से रिपोर्ट मांगा गया है।साथ ही शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक लाभुक को अपना पक्ष रखने के लिए कागजातों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। परंतु वह फिर भी दस्तावेज प्रस्तुत कर नहीं पाए। एसडीओ ने कहा कि अगर वह अपने पक्ष में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं और अगर प्राक्कलन में छेड़छाड़ और किसी प्रकार की जलसाजी सामने आती है तो राशि वसूली के साथ नियमानुसार कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।पूरे मामले की जांच रिपोर्ट डीडीसी को समर्पित की जाएगी।

# गोड्डा: पुलिस निरीक्षक व थाना प्रभारी ने लिया मंदिरो की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा,ग्रामीणों को दिए निर्देश



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**गोड्डा:** मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सदर पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक एवं मोतिया ओ पी प्रभारी महावीर पंडित ने मिलकर ओ पी क्षेत्र के बक्सरा, मोतिया, सिकटिया सहित कई गांवों के मंदिरों का दौरा किया तथा उपस्थित ग्रामीणों से मंदिरों की सुरक्षा संबंधी जायजा लेते हुए कई अवश्य दिशा निर्देश दिए। पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक मंदिर में सी सी टीवी कैमरे अवश्य लगवाएं, शराबियों, नशेड़ियों आदि असामाजिक तत्वों को मंदिर में प्रवेश न करने दे, दानपेटी एवं मंदिर गेट में मजबूत ताला लगवाएं, मंदिर समिति की ओर से वॉलिंटियर्स की व्यवस्था करें, किसी भी घटना की सूचना पुलिस को ससमय दीजिये। थाना प्रभारी महावीर पंडित ने कहा कि मंदिर के सुरक्षा की दृष्टि से किसी न किसी व्यक्ति को रात्व के समय मंदिर परिसर में अवश्य रखे। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखने पर इसकी सूचना तत्काल थाना को दे।

इसमें पूर्व मुखिया हेमन्त कुमार, पूर्व उपमुखिया मनेष यादव, दीपक मंडल, सत्यम कुमार, ओम कुमार मंडल, कृष्णा कुमार, अवदेश ठाकुर, दिनेश यादव, राहुल मंडल, मनीष यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# कुमीरदाहा पंचायत के कुमीरदहा गांव के डंगाल पारा में लगा नया ट्रांसफार्मर



4 फरवरी को कुमीरदाहा पंचायत के कुमीरदहा गांव के डंगाल पारा में ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसका सूचना ग्रामीणों द्वारा 9 फरवरी रात 8:00 बजे जिला परिषद सदस्य श्री विमान सिंह। को दिया गया। श्री सिंह ने गंभीरता लेते हुए 14 तारीख शाम 6:00 बजे तक गांव में ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर लगा दिया गया। जिसे ग्रामीणों के बीच खुशीका माहौल देखा गया। श्री सिंह ने कहा की चुनाव के समय मैन्युफैक्चर में यह मेरा मुख्य मुद्दा था जो कि आज मैं निभा रहा हूं। श्री सिंह ने और भी कहा कि इससे पहले एक ट्रांसफार्मर जल जाने में ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था साथ ही गांव में चंदा इकट्ठा करके गाड़ी रिजर्व करके भेजना पड़ता था फिर भी महीना भर लग जाता था। और कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा।

# फाइलेरिया उन्मूलन की सफलता को ले जागरूकता रथ को डीसी ने किया रवाना



**पाकुड़।** फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर शुक्रवार को वीआईपी रोड से उपायुक्त मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला भीवीडी पदाधिकारी डॉ के. के. सिंह ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया जा रहा है।

यह जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीमारी के बारे में कहा कि 1 वर्ष से कम आयु वाले शिशु, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं को मलेरिया रोधी दवा नहीं खिलाया जाएगा।

# जिला स्तरीय कुकिंग कम्पीटिशन का आयोजन, नाला की अनिता विजेता व जामताड़ा की मिलोती बनीं उप विजेता

**जामताड़ा: राष्ट्र संवाद संवाददाता**



झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण रांची के आदेशानुसार शुक्रवार को जिला स्तरीय कुकिंग कम्पीटिशन का आयोजन उत्क्रमित उच्च विद्यालय बोधबांध परिसर में हुआ। उक्त प्रतियोगिता में नाला, जामताड़ा, कुंडहित, फतेहपुर, नारायणपुर एवं करमाटांड के प्रखंड स्तरीय चयनित विजेता एवं उप विजेता रसोईयां-सह-सहायिकाओं ने भाग लिया। मौके पर सभी रसोईया-सह- सहायिकाओं ने भात, दाल, सब्जी, अंडा, चटनी, पापड़, भुंजिया, सलाद, रागी लड्डु/हलुआ, रागी केक, फ्राइड राइस, बिरयानी आदि विभिन्न प्रकार व्यंजन तैयार किया। इस अवसर पर संताल परगना प्रमंडल दुमका के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक डॉ गोपाल कृष्ण झा, जिला शिक्षा अधीक्षक विकेश कुणाल प्रजापति, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सुरेश महतो, बीईईओ सर्किल मरांडी, मिलन कुमार घोष एवं जया देवी तथा बाल सांसद के प्रधानमंत्री, स्वच्छता मंत्री तथा पोषण मंत्री आदि ने तैयार पकवान का मुआयना करते हुए व्यंजन का स्वाद चखा। उन्होंने रसोईयां सह-सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनन्ददायी बनाने, मध्याह्न भोजन के प्रति रसोईया-सह-सहायिकाओं में प्रतिस्पर्द्धा की भावना को बढ़ावा देने, समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के उपयोग आदि पर विचार विमर्श कर आवश्यक जानकारी दी। इधर प्रतियोगिता में विजेता अनिता वाउरी कन्या मध्य विद्यालय नाला तथा उप विजेता के रुप में मिलोती वास्की उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोखलाडीह, जामताड़ा का चयन किया गया।

मौके पर क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक डॉ गोपाल कृष्ण झा, जिला शिक्षा अधीक्षक विकेश कुणाल प्रजापति, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सुरेश महतो एवं बीईईओ सर्किल मरांडी, मिलन कुमार घोष, जया देवी के द्वारा विजेता, उप विजेता एवं सभी रसोईया- सह- सहायिका प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

वहीं विजेता को पांच हजार तथा उप विजेता को ढाई हजार रूपए का चेक व शॉल प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संजय प्रसाद सिंह के अलावा दिलीप हेम्ब्रम, सुदर्शन कुमार, चन्द्रशेखर सिंह, विष्णु महतो, पवन कुमार, प्रेम चन्द्र पाल, बिकाश झा, मेघनाथ सेन, स्वाधीन घोष, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बोधबांध के शिक्षक-शिक्षिका सहित प्रखंड के रसोईया सह-सहायिका उपस्थित थे।

# विधायक सरयू राय ने जूस पिलाकर अमरेश का अनशन तुड़वाया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**आज एसडीओ से करेंगे बात सरयू**

**विक्की शर्मा के बेहतर इलाज के लिए एमजीएम के सुपरिटेंडेंट से बात की**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने अनशन पर बैठे अमरेश कुमार का अनशन तुड़वाया। उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया कि जिस कारण को लेकर वह अनशन कर रहे हैं, उस कारण के आलोक में उनकी उपायुक्त से बात हुई है। उपायुक्त ने इस संबंध में एसडीओ को जिम्मेदारी दी है। एसडीओ से कल सरयू राय मिलेंगे।

**मामला ये है**

टेल्को थाना अंतर्गत जेम्को मछुआ बस्ती के पास बरिघोड़ा निवासी कृष्ण शर्मा (40) और उनकी बेटी अंजली शर्मा (19) की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई और उनका बेटा विक्की शर्मा (18) गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है।



इसी मुद्दे को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था व जनसमस्याओं को ठीक करने के लिए अमरेश कुमार गुरुवार से अनशन पर बैठे थे। शुक्रवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय अमरेश कुमार से मिले और उन्हें आश्वस्त किया कि ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए वह प्रशासन से बात करेंगे। सरयू राय ने कहा कि सड़कों से भारी वाहन हटाना ही समाधान है।

शुक्रवार को ही श्री राय मृत परिवार के लोगों से मिले।

वहीं से उन्होंने एक वरीय पदाधिकारी को फोन किया और कहा कि परिवार बहुत गरीब है इनकी हरसंभव मदद करें।

परिजनों ने विधायक से मांग की कि विक्की शर्मा को बेहतर इलाज दिया जाए। श्री राय ने तुरंत एमजीएम अस्पताल के सुपरिटेंडेंट को फोन किया और विक्की शर्मा के इलाज पर ध्यान देने को कहा।

## दलमा जंगल में फिर दिखा बाघ, वन विभाग की ट्रैप कैमरे में कैद हुई तस्वीर

राष्ट्र संवाद संवाददाता



झारखंड के दलमा वन क्षेत्र में एक बार फिर बाघ की मौजूदगी दर्ज की गई है। वन विभाग द्वारा लगाए गए ट्रैप कैमरे में उसकी तस्वीरें कैद हुई हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह पर्यावरण और जैव विविधता के लिए एक सुखद संकेत है, क्योंकि बाघ को अब दलमा जंगल रास आने लगा है।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह बाघ पिछले एक महीने से घाटशिला, चाकुलिया और दलमा के जंगलों में घूम रहा है। वह अब जंगल के अंदरूनी हिस्सों में ही बना हुआ है और इंसानों से दूरी बनाए रख रहा है। डीएफओ शब्बा आलम ने बताया कि बाघ की गतिविधियों को वन विभाग की टीम लगातार मॉनिटर कर रही है, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।विशेषज्ञों का मानना है कि बाघ की लगातार उपस्थिति यह संकेत देती है कि दलमा का जंगल अब उसके रहने योग्य बन रहा है। यदि यह सिलसिला जारी रहता है, तो दलमा वन क्षेत्र में स्थायी रूप से बाघों का बसेरा हो सकता है। वन विभाग इस संभावना पर गहराई से विचार कर रहा है और आवश्यक कदम उठाने की योजना बना रहा है।

डीएफओ शब्बा आलम ने कहा कि बाघ फिलहाल जंगल के अंदर ही रह रहा है और उसकी गतिविधियां ट्रैप कैमरों में कैद हो रही हैं। वन विभाग पूरी तरह सतर्क है और लोगों को डरने की जरूरत नहीं है।

## लुमिपॉज पहल के तहत बारीडीह क्षेत्र में 150 परावर्तक कॉलर बांधे गए और कुत्तों के लिए भोजन का भी हुआ वितरण






राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः** आवारा कुत्तों की सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ह्यलुमिपॉजह्न पहल के तहत बारीडीह क्षेत्र में 150 परावर्तक कॉलर बांधे गए और कुत्तों के लिए भोजन वितरित किया गया। यह कार्यक्रम मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा ठएरळ (नेटवर्क ऑफ स्टूडेंट लीडरशिप) कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें अविजीत, साक्षी, आयुष ठाकुर और मानसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पहल को जमशेदपुर की प्रसिद्ध एनजीओ पेट्स पॉइंट का समर्थन मिला और कार्यक्रम में डॉ. सचिन कुमार पाटिल की उपस्थिति ने इसे और खास बना दिया।परावर्तक कॉलर रात में कुत्तों की दृश्यता को बढ़ाकर दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करते हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। यह पहल सामुदायिक सेवा और पशु कल्याण की भावना से प्रेरित है और रतन टाटा के आवारा पशुओं के प्रति समर्पण को सम्मानित करती है।लुमिपॉज टीम का उद्देश्य आवारा कुत्तों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके लिए एक दयालु वातावरण तैयार करना है। इस आयोजन ने न केवल पशु कल्याण के महत्व को उजागर किया, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी इस नेक कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर ने किया पुलवामा के वीर शहीदों को नमन

राष्ट्र संवाद संवाददाता





अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् जमशेदपुर ने पुलवामा के वीर शहीदों को शहीद स्थल गोलमुरी में श्रद्धांजलि अर्पित की। आज ही के दिन 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला किया गया था,जिसमें 45 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए थे। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा ज़िले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था। उस दिन के कायराना हमले के लिए पाकिस्तान की निंदा की गई।सभी वीर शहीदों को जिन्होंने अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए उनके लिए पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सभी सदस्यों ने बारी- बारी श्रद्धासुमन अर्पित किए।देश न कभी झुका है और न झुकेगा, यह संकल्प सभी उपस्थित सदस्यों ने लिया। कार्यक्रम मे भारत माता की जय...भारतीय सेना जिन्दाबाद...वीर शहीद अमर रहे के नारे से वातावरण गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का शुरूआत वीर शहीदों के सम्मान में दीप जला एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर हुआ।

कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष विनय यादव संस्थापक वरुण कुमार,एवं अन्य प्रतिनिधियों के नेतृत्व में वरुण कुमार,विनय कुमार यादव,सुखविंदर सिंह,हरि सिंह ,संतोष कुमार सिंह, विश्वजीत सावन टुडू,एम के पाठक परमहंस यादव,धीरज सिंह

छु सिंह,सतीश प्रसाद किशरी प्रसाद,देव नारायण सिंह,डीएन सिंह,अनुपम शर्मा,राम बाबू,सतीश प्रसाद,सिद्धनाथ कुमार एस के सिंह,निरंजन शर्मा अमोल कुमार एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहें।

## गम्हरिया में कार्यक्रम आयोजित कर पुलवामा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गम्हरिया में कार्यक्रम आयोजित कर पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों और कर्मचारियों ने मोमबत्तियां जलाकर व फूल अर्पित कर शहीदों को नमन कर उनकी वीरता और बलिदान को याद किया। तत्पश्चात, दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0 लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि हमारे देश के वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की है। हमें उनके बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए और हमेशा उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। इस मौके पर देशभक्ति गीत भी गाए गए। इस मौके पर डॉ0 नेहा पांडेय, सत्येंद्र कुमार, संतोष कुमार साहू, अरुण कुमार यादव, सरिता, बबीता देवी, रणधीर कुमार, रानी, मो0 नसीम, सुजीत कुमार सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का शुभारंभ

राष्ट्र संवाद संवाददाता



जामाडोबाः टाटा स्टील फाउंडेशन ने शंकर नेत्रालय के सहयोग से मालकेरा कम्युनिटी सेंटर में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर आयोजित किया। वित्तीय वर्ष 2025 का यह पहला शिविर दो चरणों में आयोजित किया गया है- पहला चरण (स्क्रीनिंग) 10 से 13 फरवरी तक आयोजित हुआ, जबकि दूसरा चरण (शल्य चिकित्सा) 14 से 18 फरवरी 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा।

मालकेरा कम्युनिटी सेंटर में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का उद्घाटन किया गया। शत्रुघन महतो (बाघमारा के विधायक) इस अवसर के मुख्य अतिथि थे। शिविर के स्क्रीनिंग चरण में 770 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 250 मरीजों में शल्य चिकित्सा की आवश्यकता पाई गई। इन सर्जरी का संचालन डॉ. सुजॉय सरकार और डॉ. आहाना सेन (शंकर नेत्रालय) द्वारा 14 से 18 फरवरी के बीच किया जाएगा।

इस अवसर पर शत्रुघन महतो (बाघमारा के विधायक), संजय राजोरिया (जनरल मैनेजर), नरेंद्र कुमार गुप्ता (चीफ, जामाडोबा ग्रुप), विकाश कुमार (चीफ, सिजुआ ग्रुप), डॉ आलोक कुमार (चीफ मेडिकल ऑफिसर, टाटा मेन हॉस्पिटल जामाडोबा), सुजीत कुमार झा (सीनियर एरिया मैनेजर, सिक्योरिटी), विकाश कटारिया (मैनेजर, सिक्योरिटी), झरिया डिवीजन, टाटा स्टील, राजेश कुमार (यूनिट लीड, टाटा स्टील फाउंडेशन), सागरिका गुप्ता (मैनेजर, टाटा स्टील फाउंडेशन), और बिनोद रजक (मुखिया, मलकेरा) सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## सामाजिक संस्था समर्पण के द्वारा पुलवामा के शहीदो को किया गया याद

राष्ट्र संवाद संवाददाता



सामाजिक संस्था समर्पण के तत्वावधान संस्था के अध्यक्ष विभूति जेना के नेतृत्व में साकची जुबली पार्क गेट के समीप पुलवामा घटना में सीआरपीएफ के 40 शहीद जवानों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन संपन्न किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी, विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता एवं राही ट्रस्ट के चेयरमैन विकास साहनी उपस्थित थे। अतिथियों को अंग वस्त्र एवं बुगे देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान शहीदों की याद में छोटी-छोटी बच्चियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सर्वप्रथम शहीद 40 जवानों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अतिथियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात 2 मिनट का मौन रखकर उनको याद किया गया।

मौके पर उपस्थित जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके कुर्बानियों को व्यर्थ नहीं जाने का आहवान किए तथा वीर शहीदों के तरह हम भी अपने देश के लिए देश की सेवा करें यह संकल्प लिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता एवं राही ट्रस्ट के चेयरमैन विकास साहनी संयुक्त रूप से जवानों की तरह हम लोग भी देश की सेवा करें।

इस मौके पर सामाजिक संस्था समर्पण के सामाजिक संस्था समर्पण के अध्यक्ष विभूति जेना, मनीष शर्मा,चंदन ,सुरेश, गौतम, राजकुमार, सूरज,कुंदन एवं संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

## पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर महाकुंभ प्रयागराज के लिये रवाना हुवे सैनिक परिवार

राष्ट्र संवाद संवाददाता





पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई ने पुलवामा के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए महाराणा प्रताप चौक साकची में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें जमशेदपुर के सांसद श्री विद्युत वरण महतो समाजसेवी नीरज सिंह सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार उपस्थित थे। सम्मानित अतिथियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाराणा प्रताप एवं चेतक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत माता के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिला अध्यक्ष बृज किशोर सिंह एवं सुशील कुमार सिंह ने सांसद को राजीव रंजन एवं दिनेश सिंह ने समाजसेवी नीरज सिंह को एवं संजय पाठक एवं वरुण कुमार ने सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष बृज किशोर सिंह एवं सुशील कुमार सिंह ने पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किये गए कायराना हमला की निंदा एवं भारतीय सेना की वीरता साहस और बलिदान की सराहना की

कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरेन्दू शर्मा सतनाम सिंह जे पी कर्ण अशोक कुमार श्रीवास्तव रमेश राय डी एस तिवारी चंदन कुमार तारकेश्वर नाथ उपेंद्र प्रसाद सिंह हरीश प्रमोद कुनार विनय श्रीवास्तव ए रमेश इंस्पेक्टर आनंद कुमार वरुण सिंह सन्त राम सुरेंद्र कुमार संजय सिंह आनंद सुदामा रजक राजेश कुमार महेश जोशी मिथिलेश कुमार जय हो टीम के महेश जोशी ताहिर हुसैन हिन्द आई टी आई के स्टूडेंट उपस्थित हुवे।

## सार-संक्षेप

### नरेन्द्र मोदी विचार मंच के तीसरे वर्ष भी होगा सामूहिक विवाह



राष्ट्र संवाद संवाददाता

नरेन्द्र मोदी विचार मंच झारखण्ड के तत्वाधान मे लगातार तीसरे वर्ष भी सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है, इस बार आठ जोड़ों का विवाह करवाया जा रहा है, शुक्रवार को सोनारी भूतनाथ मंदिर परिसर मे सगाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां वर पक्ष एवं वधु पक्ष के परिजन उपस्थित होकर सभी को आशीर्वाद दिया, मंच के पदाधिकारियों ने कहा की समाज मे दहेज मुक्त विवाह को प्रोत्साहन देने एवं वैसे परिवार को धन के अभाव मे अपने बच्चों का विवाह नहीं करवा पाते हैं उनका चयन सामूहिक विवाह के लिए किया जाता है, आज सगाई समारोह संपन्न किया गया और आगामी 11 मार्च को पुरे विधि विधान से आठो जोड़ों का विवाह संपन्न किया जायेगा.

### 172 बार रक्तदान करने वाले ईश्वर कोटि के मनुष्य एस के झा को आनंद मार्ग ने सम्मानित किया



राष्ट्र संवाद संवाददाता

आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से आज सुरेंद्र कुमार झा उर्फ एस के झा को 172 बार रक्तदान करने के लिए आनंद मार्ग के वरिष्ठ सन्यासी आचार्य जगतआत्मानंद अवधूत के द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया। आनंद मार्ग का कहना है कि जो लोग भी अपने शरीर को कष्ट देकर या निस्वार्थ भाव से दूसरे जीव के जान बचाने में या उसके जीवन जीने में शक्ति प्रदान करते हैं वह सभी ईश्वर कोटि के मनुष्य है। खासकर रक्तदान करने वाले सभी ईश्वर कोटि के मनुष्य होते हैं कारण रक्त का कोई विकल्प नहीं होता इसलिए प्रेरणादायक कार्य को करने वाले सभी ईश्वर कोटि के मनुष्य है। इसी ईश्वर कोटि के मनुष्य में एक नाम सुरेंद्र कुमार झाअभी तक 172 बार स्वैच्छिक रक्तदान कर झारखंड में एक नया इतिहास रचे हैं युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

### कोर्ट फी टिकट की कमी दूर करे जिला प्रशासन : कुलविंदर

राष्ट्र संवाद संवाददाता



कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि सरकारी कोर्ट फी टिकट की कमी दूर की जाए। इस अधिवक्ता के अनुसार पिछले कई दिनों से कोर्ट फी टिकट की कमी चल रही है।

एसडीओ कोर्ट ज्यूडिशल कोर्ट परिसर में मात्र एक रुपए का कोर्ट फी टिकट मिल रहा था और वह भी आउट ऑफ स्टॉक हो गया है।

टिकट की अनुपलब्धता के करण सरकारी कार्यालय में आवेदन दाखिल नहीं हो रहे हैं और ज्यूडिशियल न्यायालय में भी आवेदन, वकालतनामा दाखिल करने तथा सत्यापित प्रतिलिपि निकालने जैसा कार्य नहीं हो रहा है। इसके कारण पक्षकार परेशानी उठा रहे हैं और कोर्ट के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि एक, दो, पांच, दस एवं बीस रुपए के टिकट वेंडरों को उपलब्ध कराया जाए। जिससे वकीलों और पक्षकारों को परेशानी नहीं हो और सरकारी कार्य भी समय सीमा में संपन्न हो सके।

### पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार और मिलावट नहीं चलेगा : पप्पू सिंह



राष्ट्र संवाद संवाददाता

विधायक सरयू राय के दिशा-निर्देश पर मून सिटी राजीव पथ में पिच रोड़ का निर्माण किया जा रहा था.. रोड निर्माण कार्य को लेकर बस्ती वासी संतुष्ट नही थे.जिसकी शिकायत विधायक प्रतिनिधि पप्पू सिंह एवं मानगो जनप्रतिनिधि पिंटू सिंह को बस्ती वासियों ने किया। पप्पू सिंह ने बस्ती में जाकर तत्काल रोड का निरीक्षण किया और ठेकेदार को जल्द से जल्द अच्छी रोड बनाने का निर्देश दिया साथ ही जितने भी ठेकेदार पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में सड़क नाली का निर्माण कर रहे हैं.. पूर्व में जितने भी भ्रष्टाचार और मिलावट कर सड़क नाली का निर्माण कार्य को अंजाम दिया गया था। वर्तमान में इस प्रकार का कोई भी कार्य बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक का सख्त आदेश है जनता का हर काम को ईमानदारी पूर्वक किया जाए।

इस मौके पर उलीडीह के विधायक प्रतिनिधि संतोष भगत जी, बाला प्रसाद जी, अभिनंदन सिंह जी, वीरू सिंह जी, छोटू जी, रावत जी, राजदीप कुमार जी, मुकेश सिंह जी, अंबिका पांडे जी, मंटू शर्मा जी एवं बस्ती वासी भी मौजूद रहे।

### ग्रेजुएट कॉलेज में मनाया गया शोक दिवस

राष्ट्र संवाद संवाददाता



जमशेदपुर 14 फरवरीःमोहम्मद मतीन का आज निधन हो गया. वे ग्रेजुएट कॉलेज के अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थे. आज उनके निधन पर महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में शोक दिवस मनाया गया. जिसमें प्राचार्य डॉक्टर वीणा सिंह प्रियदर्शी ने उन्हें नेक दिल इंसान, समय का पाबंद और काम के प्रति ईमानदारी के बारे में विस्तार से बताएं. इस अवसर पर सारे शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद थे

### पुलवामा में शहीद हुए जवानों को जमशेदपुर के कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने दी श्रद्धांजलि

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** :पुलवामा में शहीद हुए जवानों को जमशेदपुर के कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने श्रद्धांजलि देते हुए याद किया, इस दौरान सैकड़ो छात्राओं ने हाथों में कैंडल लेकर जुबली पार्क गेट से साकची गोल चक्कर तक पैदल यात्रा किया, और पुलवामा में हुए शहीद जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि दी, कहा यह दिन हमारे लिए कल दिन है, पड़ोसी देश ने धोखेबाजी कर हमारे जवानों पर हमला किया जिससे हमारे 40 जवान शहीद हो गए थे

## संपादक की कलम से

# क्या हार बाद अंधकारमय हो चुका है 'आप' का राजनीतिक भविष्य ?

देवानंद सिंह




दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या आम आदमी पार्टी (आप) के लिए राजनीतिक भविष्य अंधकारमय हो चुका है। प्रशांत भूषण जैसे नेताओं ने आप के लिए हार के बाद यह टिप्पणी की है कि यह पार्टी के अंत की शुरूआत हो सकती है। हालांकि, इस पर गहराई से विचार किया जाए तो तथ्यों और आंकड़ों की कसौटी पर यह दावा पूरी तरह से ठीक नहीं लगता। दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी को कुल 43.57 प्रतिशत वोट मिले और 70 में से 22 सीटें हासिल कीं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को 45.56 प्रतिशत वोट मिले और 48 सीटों पर जीत हासिल की। यानि बीजेपी को आप से महज दो प्रतिशत ज्यादा वोट मिले हैं और इस मामूली अंतर के कारण बीजेपी को आप से 26 सीटें अधिक मिलीं, जो यह बताता है कि बीजेपी की जीत पूरी तरह से एकतरफा नहीं थी, बल्कि मुकाबला बहुत कड़ा था।

वहीं, अगर 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव से तुलना की जाए तो आप के वोट शेयर में लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। 2020 में आप का वोट शेयर 53.57 प्रतिशत था, जिसके कारण उसे 62 सीटें मिलीं। यह गिरावट निश्चित रूप से पार्टी के लिए एक चिंता का विषय है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप का अंत हो चुका है। बीजेपी के प्रदर्शन में भी पिछले चुनावों की तुलना में सुधार हुआ है। 2020 के चुनाव में बीजेपी का वोट शेयर 38.51 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 45.56 प्रतिशत हो गया है। सीटों की संख्या भी 8 से बढ़कर 48 हो गई है। इसका मतलब यह है कि बीजेपी ने इस चुनाव में आप के खिलाफ मजबूती से प्रदर्शन किया, लेकिन उसका वोट शेयर में केवल 7.3 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जो एक ऐतिहासिक जीत के तौर पर नहीं देखा जा सकता।

दिल्ली में कांग्रेस का वोट शेयर भी इस बार 6.34 प्रतिशत रहा, लेकिन उसे एक भी सीट नहीं मिली। इस बात से यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस को आम आदमी पार्टी की हार पर खुश होने का कोई ठोस कारण नहीं है, क्योंकि पार्टी को जनता ने एक गंभीर विकल्प के रूप में नहीं देखा। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कांग्रेस ने संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए यह हार संतोषजनक है, क्योंकि उन्होंने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कई बार कठोर टिप्पणियां की थीं। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि कांग्रेस को इतने कम वोट मिलने की उम्मीद नहीं थी और लोगों ने कांग्रेस को एक मजबूत विकल्प के तौर पर नहीं देखा।

एक दिलचस्प पहलू यह है कि बीजेपी का वोट शेयर और उसकी सीटों की संख्या अकेले उसे दिल्ली में जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। अगर, हम बीजेपी और उसकी सहयोगी पार्टियों के वोट शेयर को जोड़ें तो यह 47 प्रतिशत तक पहुंचता है, जबकि अगर आप और कांग्रेस के वोट शेयर को जोड़ें तो यह 50 प्रतिशत तक पहुंचता है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि बीजेपी को दिल्ली में एकतरफा जनादेश नहीं मिला है, बल्कि यह एक मिश्रित जनादेश था। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अरविंद केजरीवाल के लिए यह एक कठिन स्थिति हो सकती है, लेकिन इससे हताश होने की आवश्यकता नहीं है। आप का वोट शेयर केवल दो प्रतिशत कम हुआ है, इससे यह स्पष्ट नहीं होता है कि आप अब राजनीतिक क्षेत्र से बाहर हो चुकी है। उनके अनुसार, आम आदमी पार्टी को क्षेत्रीय पार्टियों के तौर पर नहीं देखा जा सकता, क्योंकि इसका उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर वर्चस्व स्थापित करना है।

इसके बावजूद, एक और जटिलता है, जो आम आदमी पार्टी के लिए खड़ी हो सकती है। पार्टी के कई बड़े नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं और यदि अरविंद केजरीवाल को जेल जाना पड़ा, तो इससे पार्टी की स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है। इस तरह की परिस्थितियों में पार्टी के अस्तित्व का सवाल उठ सकता है। यही कारण है कि कुछ लोग आम आदमी पार्टी के अंत की शुरूआत की बात कर रहे हैं। आप के नेताओं का कहना है कि पार्टी ने इस चुनाव में जिन कठिन परिस्थितियों का सामना किया, उसके बावजूद उसे दो प्रतिशत अधिक वोट हासिल हुए हैं। उनका कहना है कि बीजेपी के पास सरकार की पूरी मशीनरी, मीडिया, धनबल और बाहुबल था, फिर भी उसे आप से केवल दो प्रतिशत ज्यादा वोट मिले। राजनीति में एक चुनाव जीतने और हारने के बीच बहुत बड़ा अंतर नहीं होता है और आप का राष्ट्रीय स्तर पर अभी भी प्रभावी अस्तित्व है।

वैसे देखा जाए तो अरविंद केजरीवाल को विपक्ष की भूमिका निभाने में महारत हासिल है और उन्हें सत्ता के बजाय विपक्ष की भूमिका में रहकर सरकार को चुनौती देने की अपनी ताकत को फिर से पहचानना होगा। यही उनके लिए एक अवसर हो सकता है, जिससे वे अपने अतीत से सबक लेकर आगे बढ़ सकें। आखिरकार, इस चुनावी परिणाम के बाद यह कहना जल्दबाजी होगी कि आम आदमी पार्टी का अंत हो चुका है। हालांकि, पार्टी को अपनी रणनीतियों और नेताओं की छवि पर गंभीरता से विचार करना होगा, ताकि वह भविष्य में राजनीतिक परिदृश्य में मजबूत स्थिति में रह सके। कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि आम आदमी पार्टी का अंत हो चुका है, सच्चाई से परे है।

पार्टी का वोट शेयर घटा है, लेकिन उसका उद्देश्य अब भी स्पष्ट है-राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव बनाना। यह एक चुनौतीपूर्ण समय हो सकता है, लेकिन यह पार्टी के अंत की शुरूआत नहीं है।

## सपा के लिये ह्यखतरे की घंटीह्य बनता जा रहा है अखिलेश का बड़बोलापन

अजय कुमार

दिल्ली विधान सभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की और अयोध्या के मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की हार के बाद उत्तर प्रदेश की सियासत का भी मिजाज बदलता जा रहा है। इस बदलते मिजाज से भारतीय जनता पार्टी की बल्ले-बल्ले नजर आ रही है,वहीं समाजवादी पार्टी के सामने फिर से यक्ष प्रश्न खड़ा हो गया है कि वह पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक(पीडीए) पर और कितना भरोसा करे।सपा प्रमुख को मिल्कीपुर की हार से तो झटका लगा ही है,लेकिन अखिलेश के लिये उससे भी ज्यादा सदमें वाली बात यह है कि मिल्कीपुर में पीडीए ही नहीं यादव बिरादरी वालों ने भी समाजवादी पार्टी से मुंह मोड़ लिया।यहां करीब 65 हजार यादव वोटर हैं। यादव वोटर से सपा से मुंह मोड़ने की वजह अखिलेश से अधिक अवधेश प्रसाद को बताया जाता हैं। मिल्कीपुर विधान सभा सीट कभी मित्रसेन यादव के वर्चस्व वाली सीट हुआ करती थी,लेकिन 2012 में इसे एससी सीट घोषित कर दिया गया था। तब से यहां का सियासी समीकरण बदल गया। यादव की जगह दलित नेता उभरने लगे। अवधेश प्रसाद भी इसी कड़ी का हिस्सा हैं। वह पासी समाज से आते हैं। इतना ही नहीं अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर के यादव वोटरों को कभी तवज्जो नहीं दी। सपा के बड़े नेता मित्रसेन यादव और उनके पुत्र से भी अवधेश के रिश्ते बिगड़े हुए रहे। मिल्कीपुर की जीत बीजेपी के लिये आसान नहीं लग रही थी,लेकिन बीजेपी ने अपने राजनैतिक कौशल के जरिये आसान बना दिया।

# आयकर कानून के सरल होने विवाद घटेंगे

ललित गर्ग



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरूआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा।

मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं।

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चें पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते. गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा।



नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है।

आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।

देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे।

यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ सौ करोड की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? समर्थ लोगों को स्वैच्छा से आयकर देने के लिये तत्पर होना चाहिए।

देश में आयकर का विषय विवादों से घिरा रहा है। अभी भी कुछ अर्थशास्त्री आयकर को दोहरा एवं गैर-जरूरी कराधान मानते हैं। लम्बे समय से ऐसे स्वर भी उभरते रहे हैं कि एक आम आदमी लगभग हर वस्तु और सेवा के लिये कर चुकाता है तो फिर उससे आयकर वसूलने की जरूरत क्यों है? भविष्य में इस पर भी सकारात्मक चिन्तन की अपेक्षा है। एक और बड़ी विसंगति का सामना आयकरदाता करता रहा है कि उसे आयकर विभाग हर मोर्चें पर सन्देह एवं शंका की नजर से देखता है। इसलिये जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इस बात की अपेक्षा है कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब करे और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग करे। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता। आयकर विभाग को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते लोग आय छिपाने के जतन करते हैं। इसी के साथ ऐसी भी व्यवस्था करनी होगी, जिससे आयकर का आकलन करने और उसकी वसूली में भ्रष्टाचार न होने पाए। आयकर विभाग को लोगों के विश्वास का उपभोक्ता नहीं अपितु संरक्षक बनना होगा। निश्चित ही नया आयकर कानून भारत की कर प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे करदाताओं को अपनी जिम्मेदारियां निभाने में आसानी होगी, कर प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा और कानूनी उलझनों से बचा जा सकेगा

# दोस्ती इम्तिहान लेती है-मेक इन इंडिया बनाम अमेरिकी फर्स्ट

किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर हर देश की नजरें 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शपथ ग्रहण करने से लेकर उनके द्वारा करीब रोज लिए जा रहे निर्णयों पर लगी हुईहै,जिससे पूरी दुनियाँ अपने नफे नुकसानों के आकलन पर मंथन करने लग गई है, परंतु अब पूरी दुनियाँ की निगाहें भारतीय समय अनुसार गुरुवार अर्ली मॉर्निंग 2.30 बजे भारतीय पीएम अमेरिकीराष्ट्रपति के मुलाकात पर लगी रही जिसमें सभी की नजरे टैरिफ, अवैध आवर्जन अवैध प्रवासी भारतीयों की वापसी, चीन मुद्दा,रक्षा, नई टेक्नोलॉजी सहित अनेक मुद्दों पर बनी हुई थी, हालांकि भारत ने अमेरिकी दौरे से पूर्व ही अपने मैक्सिमम अमेरिकी टैरिफ को 150 पेर्सेंट से घटकर 70 पेर्सेंट कर दिए ताकि बातचीत की सकारात्मकता की गुंजाइश को बल मिले भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों मेंशामिल रहा है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में साल1990-91तक औसतटैरिफ 125 पेर्सेंट तक था। उदारीकरण के बाद यह कम होता चला गया।2024 में भारत का एवरेज टैरिफ रेट 11.66 पेर्सेंट था। ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद भारत सरकार ने टैरिफ रेट में बदलाव किया।द हिन्दू की रिपोर्ट के अनुसार भारत सरकार ने टैरिफ के 150 पर्सेंट,125 पर्सेंट और 100 पर्सेंट वाली दरों को खत्म कर दिया है। अब भारत में सबसे ज्यादा टैरिफ रेट 70 पर्सेंट है। भारत में लग्जरी कार पर 125 पर्सेंट टैरिफ था,अब यह 70 पर्सेंट कर दिया गया है। ऐसे में साल 2025 में भारत का एवरेज टैरिफ रेट घटकर 10.65 पर्सेंट हो चुका है। आमतौर पर सभी देश टैरिफ लगाते हैं। किसी देश में इसका रेट कम और किसी में ज्यादा हो सकता है। हालांकि, बाकी देशों से तुलना की जाए तो भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है।संभवत लाखों लोगों के साथ मैं खुद भी शुक्रवार अर्ली मॉर्निंग 2:30 बजे से 6 बजे तक संचार माध्यमों टीवी चैनलों से जुड़ा रहा इन दोनों महाशक्तियों के बीच हुई मुलाकात को लगातार देखता फिर सुबह 6 के दोनों की संयुक्त प्रेस वार्ता के बाद यह आर्टिकल तैयार किया हूं। इसके पूर्व हम देखें कि पीएम अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी पहुंचे,जहां उनका जबरदस्त स्वागत हुआ, इसके बाद पीएम की पहली आधिकारिक मुलाकात अमेरिका के राष्ट्रीय खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड से हुई,जो खुद को भगवान श्री कृष्ण की भक्त कहती हैं। फिर पीएम ने गुरुवार रात करीब 9 बजे अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज से मुलाकात की। इस बैठक में भारतीय विदेश मंत्री और एनएसए भी मौजूद रहे। इसके बाद पीएम इलॉन मस्क से मिले। मस्क अपने परिवार के साथ ब्लेयर हाउस पहुंचे थे। मस्क ने पीएम को तोहफे में मेमेंटो (स्मृतिचिह्न) दिया। दोनों के बीच करीब एक घंटे बातचीत हुई। मस्क से मुलाकात के बाद पीएम ने भारतवंशी बिजनेसमैन विवेक रामास्वामी से करीब आधा घंटा मुलाकात की।मुलाकात के बाद रामास्वामी ने कहा कि पीएम का स्वागत करना उनके लिए सम्मान की बात थी।चूँकि विश्व की नजरे भारत अमेरिका प्रमुखों की देर रात्रि हुई मुलाकात पर लगी हुई थी, अवैध अप्रवासी मुद्दा व्यापार तकनीकी बात टैरिफ साहित अनेक एमओयू जिसके दूरगामी परिणाम निकलने की पूरी संभावना है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दोस्ती इम्तिहान लेती है, मेक इन इंडिया बनाम अमेरिकी फर्स्ट।

साथियों बात अगर हम गुरुवार सुबह 6 बजे दोनों वैश्विक नेताओं की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की करें तो इस दौरान जब पूछा गया कि ट्रंप और मोदी में कौन टफ नेगोशिएटर (वातार्कार) है, तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ कह दिया कि इस मामले में भारतीय प्रधानमंत्री बहुत आगे हैं। ट्रंप ने कहा,वह (पीएम मोदी) मुझसे कहीं ज्यादा टफ नेगोशिएयर हैं और मुझसे कहीं बेहतर वातार्कार भी हैं। इसमें कोई मुकाबला ही नहीं है।पीएम मोदी ने कहा,जो लोग दूसरे देशों में अवैध रूप से रहते हैं, उन्हें वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। जहां तक ??भारत और अमेरिका का सवाल है, हमने हमेशा कहा है कि जो लोग सत्यापित हैं और वास्तव में भारत के नागरिक हैं - अगर वे अवैध रूप से अमेरिका में रहते हैं, तो भारत उन्हें वापस लेने के लिए तैयार है। लेकिन यह हमारे लिए यहीं तक सीमित नहीं है। ये सामान्य परिवारों के लोग हैं। उन्हें बड़े सपने दिखाए जाते हैं और उनमें से अधिकांश ऐसे होते हैं जिन्हें गुमराह करके यहां लाया जाता है। इसलिए, हमें मानव तस्करी की इस पूरी व्यवस्था पर हमला करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका और भारत को मिलकर इस तरह के पारिस्थितिकी तंत्र को जड़ से खत्म करने का प्रयास करना चाहिए ताकि मानव तस्करी खत्म हो जाए। हमारी बड़ी लड़ाई उसपूरे पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ है और हमें विश्वास है कि राष्ट्रपति ट्रंप इस पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने में भारत का पूरा सहयोग करेंगे।वाइट हाउस में पीएम ने कहा,आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और अमेरिका एक साथ खड़े रहेंगे। हम इस बात पर सहमत हैं कि सीमा पार आतंकवाद के उन्मूलन के लिए ठोस कार्रवाई आवश्यक है। मैं राष्ट्रपति का आभारी हूं कि उन्होंने 2008 में भारत में नरसंहार करने वाले अपराधी तहव्वुर राणा को अब भारत के हवाले करने का निर्णय किया है। भारत की अदालतें उसके खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगी।अमेरिकी राष्ट्रपति से जब पूछा गया,अगर आप भारत के साथ व्यापार पर सख्त रुख अपनाएंगे तो चीन से कैसे लड़ेंगे तो उन्होंने कहा, हम किसी को भी हराने के लिए बहुत अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन हम किसी को हराने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, हम वाकई अच्छा काम करना चाहते हैं। हमने अमेरिकी लोगों के लिए शानदार काम किया है। हमारे चार साल बहुत अच्छे रहे और हमें एक भयानक प्रशासन ने बाधित किया, अब, हम इसे फिर से एक साथ ला रहे हैं। मुझे लगता है कि यह पहले की तुलना में बहुत मजबूत होने जा रहा है या पहले की तुलना में और भी ज्यादा मजबूत होने जा रहा है। बांग्लादेश मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा,इसमें डीप स्टेट की कोई भी भूमिका नहीं है,यह कुछ ऐसा है जिस पर पीएम मोदी लंबे समय से काम कर रहे हैं, मैं बांग्लादेश को पीएम पर छोड़ देता हूं। आगे कहा हम व्यापार के बारे में बात करने जा रहे हैं, हम कई चीजों के बारे में बात करने जा रहे हैं, लेकिन आपसे मिलना वास्तव में सम्मान की बात है, आप लंबे समय से मेरे मित्र हैं।शानदार काम करने के लिए बधाई।पीएम और मैं ऊर्जा पर एक महत्वपूर्ण समझौते पर भी पहुंचे, जो यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका भारत को तेल और प्राकृतिक गैस का अग्रणी आपूर्तिकर्ता बने, उम्मीद है कि नंबर 1आपूर्तिकर्ता बने। अमेरिकी परमाणु उद्योग के लिए अभूतपूर्व विकास में, भारत अमेरिकी परमाणु प्रौद्योगिकी का स्वागत करने के लिए कानूनों में सुधार भी कर रहा है,जो भारतीय बाजार में उच्चतम स्तर पर है।

साथियों बात अगर हम दोनों नेताओं की मुलाकात के कुछ घंटे पहले ट्रंप के एक पोस्ट या ट्वीट की करें तो,अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय पीएम से मुलाकात से कुछ घंटे पहले सोशल मीडिया पर एक रहस्यमयी पोस्ट किया, जिसने अटकलों को तेज कर दिया। उन्होंने लिखा, तीन महान हफ्ते, शायद अब तक के सबसे अच्छे,लेकिन आज सबसे बड़ा दिन है:पारस्परिक टैरिफ अमेरिका को फिर से महान बनाएं (पारस्परिक टैरिफ) नीति के तहत अमेरिका उन देशों पर उतना ही टैरिफ लगाएगा जितना वे अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाते हैं,इससे वैश्विक व्यापार में उथल-पुथल मच सकती है और भारत समेत कई बड़े व्यापारिक साझेदार प्रभावित हो सकते हैं। ट्रंप ने पहले ही कहा था पारस्परिक होने का समय आ गया है। अगर वे हमसे शुल्क लेते हैं, तो हम उनसे शुल्क लेंगे, उनका यह बयान संकेत देता है कि अमेरिका जल्द ही उन देशों की सूची जारी करेगा जिन पर यह टैरिफ लागू होगा। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि भारत की टैरिफ नीतियां अमेरिकी व्यापार के लिए बाधा हैं, ट्रंप ने भारत को कई बार टैरिफ किंग कहा है, क्योंकि वे मानते हैं कि भारत अमेरिकी उत्पादों पर अधिक टैक्स लगाता है। यदि अमेरिका भारत पर नया टैरिफ लगाता है, तो यह भारतीय निर्यात को प्रभावित कर सकता है। ट्रंप पहले ही कई देशों पर टैरिफ लगा चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने पहले ही मैक्सिको और कनाडा से आयातित उत्पादों पर 25 पेर्सेंट टैरिफ और चीनसे आयातित उत्पादों पर 10 पेर्सेंट टैरिफ लगाया था, हालांकि, मैक्सिको और कनाडा के साथ 1 मार्च तक टैरिफ रोकने का निर्णय लिया गया, क्योंकि दोनों देशों ने अवैध आव्रजन और मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ा रुख अपनाने का आश्वासन दिया था।

# डॉ सुधानंद झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत दैनिक राशिफल

डा सुधा नन्द झा



**१ मेष राशिः**आपको अपने व्यवसाय में और आर्थिक समृद्धि में जोरदार वापसी होगी आज। आपकी ग्रह दशा आपकी सफलता के लिए अनुकूल है

**२ वृष राशिः**कहीं दूर यात्रा करना चाहते हैं या अपने स्थान से बाहर दूसरे स्थान पर भी अपने आमदनी चाहते हैं अपना काम चाहते हैं तो आज आपकी ग्रह स्थिति इसके लिए आदेश कर रही है आप नया काम कर सकते हैं

**३ मिथुन राशि** --ग्रहों की स्थिति आपकी सफलता के लिए हर प्रकार से अच्छी है आपकी सफलता आपके आकांक्षा की पूर्ति आज सब कुछ आपके पक्ष में है आप जहां अपने प्रयास में असफल हो रहे थे आज आपकी असफलता दूर होगी

**४ कर्क राशि** --अपना पारिवारिक और वैवाहिक जीवन मधुर बना कर रखिए अपना राजनीतिक और ऑफिशियल जीवन भी बढ़िया बना कर रखिए आज आपका दिन आपके हिसाब से नहीं चलेगा बल्कि आज आपको दिन के हिसाब से चलना होगा

**५ सिंह राशि** -अपने अत्यधिक उदारता अत्यधिक कल्पना और अत्यधिक क्रोध पर पूरा नियंत्रण कीजिए। वैसे लोगों के साथ उठना बैठना नहीं कीजिए आज जिनका खान अच्छा नहीं है जो सीधे-सीधे गलत आचरण के हैं। आपको अपने प्रतिभा का अपने परिश्रम का अपने अच्छे प्रयास का आज सुंदर परिणाम मिलेगा

**६ कन्या राशि** --अपने व्यवसाय में और अपने काम में आपको तरक्की देखने को मिलेगा आपको सम्मान और सफलता भी मिलेगी बस आपको अपने घुटन और तनाव पर नियंत्रण करना है अपने आवेश पर नियंत्रण करना है

**७ तुला राशि** --आपकी राशि पर ग्रहों की स्थिति आपकी सफलता के लिए अनुकूल हैं आप अपने व्यवसाय को अपने काम को और अपने रोजगार को अब जहां तक चाहे आगे बढ़ा सकते हैं यदि आप अपने संस्थान के मालिक हैं आप उनसे पद पर हैं आपका निर्णय का प्रभाव होता है तो आज आपका दिन बहुत सुंदर होगा

**८ वृश्चिक राशि** --अपने वैवाहिक जीवन को जितना हो सके मधुर बनाइए अपने व्यावसायिक जीवन को जितना हो सके व्यस्त कीजिए आज खाली समय नहीं रखिए हां विश्राम जरूर कीजिए शारीरिक और मानसिक रूप से अत्यधिक थकान होगा

**९ धनु राशि** --आपके ग्रहों की स्थिति आपकी सफलता के लिए बिल्कुल अनुकूल है एक अमित छाप छोड़ने वाला है दिन आपकी सफलता के लिए तो आपको भी मनसा वाचा और कर्मणा पारदर्शी रहना होगा।

**१० मकर राशि** --सफलता और असफलता आज दोनों देखने को मिलेंगे यदि आप डायरी और संगम का परिचय देते हैं विवेक से निर्णय लेते हैं बुद्धि से व्यवहार करते हैं और बिल्कुल प्रसन्न रहते हैं

**११कुम्भ राशि** --आज का दिन आपके व्यवहार कुशलता का दिन है। जितना ही सुंदर आप प्रयास कीजिएगा लोगों के साथ मेल-जोल कीजिएगा समय और व्यक्ति की बारीकी को समझिएगा आज उतनी ही सफलता मिलेगी आपको बार-बार संघर्ष होगा उतार चढ़ा देखने को मिलेगा

**१२मीन राशि** --सबसे अधिक आप अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दीजिए जो रंगीन मिजाज के लोग हैं खाने के पीछे और समाज सेवा के नौटंकी के पीछे अपना जीवन बर्बाद कर चुके हैं ऐसे लोगों से दूरी बनाकर रखिए

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# आवास बचाओ संघर्ष समिति के अनुरोध पर ईचागढ़ विधायक पहुंची आदित्यपुर,हर संभव सहयोग का दिलाया भरोसा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सरायकेला जिले के आदित्यपुर कॉलोनी स्थित आवास बोर्ड के एहर फ्लैट के 216 क्वार्टर के हायर पर्चेज को लेकर आवास बचाओ संघर्ष समिति के अनुरोध पर गुरुवार को ईचागढ़ विधायक आदित्यपुर पहुंची और प्रभावित लोगों से मुलाकत कर उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया. उन्होंने कहा कि वे इसी क्षेत्र से आती हैं उनका मायका इसी इलाके में है. यहां के लोगों से उनका गहरा नाता है इसलिए वे यहां के लोगों को मालिकाना हक दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगी. इससे पूर्व स्थानीय लोगों ने विधायक कागज जोशी से स्वागत किया. मालूम हो कि ईडब्ल्यूएस फ्लैट में रहने वाले लोगों को आवास बोर्ड की ओर से खाली



करने का नोटिस दिया गया है. इसको लेकर स्थानीय लोगों ने पिछली सरकार में मंत्री रहे हफीजुल हसन से मुलाकात कर इन प्लेटों में रह रहे लोगों को ही आवंटित किए जाने की मांग की थी जिसमें विधायक सविता महतो ने काफी मदद किया था. तत्कालीन मंत्री हफीजुल हसन ने आवास बोर्ड के एमडी से फ्लैट में रह रहे लोगों को आवंटन देने का निर्देश दिया था. मगर, सरकार बदलने के बाद हफीजुल हसन दूसरे विभाग के मंत्री बनाए गए हैं. इधर आवास बोर्ड ने नोटिस कैंसिल नहीं किया है जिससे फ्लैटों में रह रहे लोगों को फिर से विस्थापित होने का खतरा मंडराने लगा है. इसी को लेकर आवास बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया है. समिति के सदस्यों ने विधायक से मामले में पहल करते हुए उन्हें फ्लैट आवंटित कराए जाने की मांग की है. जिस पर विधायक ने भरोसा दिलाया है कि इसको लेकर सरकार के स्तर से वार्ता करेंगे और उन्हें उनका अधिकार दिलाएंगे.

# ग्रेजुएट कॉलेज की छात्रा ने की आत्महत्या सुसाइड नोट में पड़ोस के रहने वाले परिवार का जिक्र

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**संजीत पटेल, पंकज प्रसाद, पवन प्रसाद, अशोक प्रसाद, मुनिया देवी और अंजनी देवी द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी दी जाती थी**

सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत धीरजगंज में एक 19 वर्षीय युवती ने वेलेंटाइन डे के ठीक एक दिन पूर्व यानी गुरुवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. शुक्रवार को युवती के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया. प्राप्त जानकारी अनुसार सोनाली गुरुवार रात खाना खाकर कमरे में सोने गयी. 10 मिनट बाद ही उसकी मां को कुछ काम याद आया, तो वह सोनाली के कमरे में गयी. दरवाजा अंदर से बंद था.



काफी खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला गया. तभी खिड़की से देखने की कोशिश की गयी तो युवती दुपट्टे के सहारे लटकी थी. आनन- फानन में दरवाजा तोड़कर उसे टीएमएच अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. मृतका का नाम सोनाली कुमारी (19) है, जो जमशेदपुर ग्रेजुएट कॉलेज की छात्रा थी. मृतका के भाई राजू कुमार ने बताया कि युवती की शादी बिहार के नालंदा में तय हुई थी. वहीं पड़ोस के एक युवक द्वारा उसे लगातार परेशान किया जाता था और होनेवाले वाले दुल्हे को फोन कर युवती को बदनाम किया जाता था. आत्महत्या में सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है, जिसमें पड़ोस के रहने वाले युवक का जिक्र है. वहीं मृतका के पिता ने थाने में पड़ोस के युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है. उन्होंने बताया है कि उनकी बेटी को पड़ोस के रहने वाले परिवार संजीत पटेल, पंकज प्रसाद, पवन प्रसाद, अशोक प्रसाद, मुनिया देवी और अंजनी देवी द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी दी जाती थी. दो दिन पूर्व शाम में संजीत पटेल के द्वारा जबरदस्ती उनके घर में प्रवेश किया गया और डराया धमकाया गया था. इसी से परेशान युवती ने आत्महत्या की है.

# ट्रेलर ओनर यूनियन अध्यक्ष जयकिशोर सिंह को ड्राइवरों का आवाज बुलंद करना भारी पड़ा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर लोकल ट्रेलर ओनर यूनियन द्वारा कंपनी के ट्रेलर ओनर यूनियन के अध्यक्ष जयकिशोर सिंह को ड्राइवरों का आवाज बुलंद करना भारी पड़ते दिख रहा है, जहां ड्राइवरों के वेतन मे बढ़ोतरी से नाराज टाटा कंपनी के वेंडर द्वारा यूनियन के अध्यक्ष की बेधड़क पिटाई कर डाली, लहू लुहान अवस्था मे अध्यक्ष जय किशोर सिंह एमजीएम अस्पताल पहुंचे जहां उनका इलाज चल रहा है, दरअसल यूनियन के अध्यक्ष जय किशोर सिंह विगत दिनों ड्राइवरों के वेतन मे बढ़ोतरी को लेकर भूक हड़ताल पर थे और गुरुवार को ही धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी के अगुवाई मे हुई बैठक मे कंपनी प्रबंधन को यह निर्देश दिया गया की तमाम ड्राइवरों




को 22500 रूपए वेतन दिया जाय, जिसके बाद भूक हड़ताल को समाप्त कर दिया गया, वहीं शुक्रवार को टाटा कंपनी के एक वेंडर नितिन इंटरप्राइजेज द्वारा यूनियन के अध्यक्ष जय किशोर सिंह को वार्ता के नाम पर आदित्यपुर पुल के पास बुलाया गया जहां बुलाकर पहले उनके गले के सोने का चैन, हाथ के सोने की अंगूठी एवं उनके जेब मे मौजूद डेढ़ लाख रूपए छीने गए, जिसके बाद उनकी बेधड़क पिटाई की गई जिससे जय किशोर सिंह लहू लुहान हो गए, वेंडर के द्वारा उन्हें जान से मरने की खुले आम धमकी भी दी गई, जैसे तैसे जयकिशोर सिंह ने अपना जान बचाकर एमजीएम अस्पताल पहुंचे जहां फिलहाल उनका इलाज चल रहा है, उन्होने कहा वेंडर ने उनकी पिटाई के दौरान उनसे कहा की टाटा स्टील ने उनसे उनकी पिटाई करने को कहा है..

# 1 मार्च को चौका में होगा कोल्हान स्तरीय कांग्रेस महासमागम

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**झामुमो के कई पूर्व नेता कांग्रेस में हो सकते हैं शामिल**

**चांडिल**, 1 मार्च 2025ः ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चौका स्थित बोड़ाम टांड़ में 1 मार्च को कोल्हान स्तरीय कांग्रेस महासमागम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव कमलेश महतो ने डैम स्थित गोल्डन व्यू होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। इस दौरान पूर्व सांसद सह मंत्री सुबोध कांत सहाय और पूर्व जिला अध्यक्ष देबू चटर्जी भी उपस्थित रहे।

कांग्रेस महासमागम में झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सांसद कालीचरण मुंडा, झारखंड सरकार के मंत्री, चाईबासा और पूर्वी



सिंहभूम समेत प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी शामिल होंगे।

**2025 संगठन सृजन वर्ष घोषित**

प्रेस वार्ता में केशव कमलेश महतो ने बताया कि कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में दो प्रमुख निर्णय लिए गए हैं। इनमें पहला है ₹जय बापू, जय भीम, जय संविधान₹ का नारा और दूसरा, वर्ष 2025 को ₹संगठन सृजन वर्ष₹ के रूप में मनाने का निर्णय। इसके तहत जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर तक कांग्रेस संगठन का विस्तार किया जाएगा।

**संघर्ष और संगठन पर जोरः**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय ने कहा, ₹2025 संगठन वर्ष है। हमारा संगठन भी मजबूत होगा, सरकार भी बनेगी, नई रचनाएं होंगी और जरूरत पड़ी तो संघर्ष भी होगा।₹ उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जिलास्तर और प्रखंड स्तर के पदाधिकारी जन समस्याओं के प्रति लापरवाही बरतते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**झामुमो के कई नेता हो सकते हैं कांग्रेस में शामिलः**

कांग्रेस महासमागम में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कई पूर्व नेता कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं। संभावित नेताओं में झामुमो के पूर्व जिला सचिव सुखराम हेंब्रम, पूर्व केंद्रीय सदस्य तरुण दे और पूर्व जिला उपाध्यक्ष मूर्तेज अंसारी शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि ये नेता अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुकुमार गोराई, राजू चौधरी, उपेंद्र गिरी, मनमन सिंह और रजिया सुल्तान भी उपस्थित थे।

# सड़क हादसे के बाद विवाद में मारपीट, ऑटो चालक गंभीर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया**।आदित्यपुर थानांतर्गत गम्हरिया दुगार्पूजा मैदान के समीप टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर एक सड़क हादसे के बाद हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। इस मारपीट में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ऑटो चालक पिंटू स्वर्णकार को स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो चालक पिंटू स्वर्णकार दुगार्पूजा मैदान के समीप सामने से आ रही एक कार को पास देने के लिए अपनी ऑटो को दाहिनी ओर मोड़ रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक चालक अनियंत्रित हो गया और उस पर सवार एक युवक गिर गया। इस घटना के बाद गुस्साए बाइक सवार ने ऑटो चालक को



ऑटो से खींचकर बुरी तरह पिटाई कर दी जिससे उसका दाहिना हाथ टूट गया। बीच सड़क पर हो रही मारपीट को देखकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर इकट्ठे हो गए। इस बीच भीड़ बढ़ता देख बाइक सवार युवक ने ऑटो चालक को धमकी दी और मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दिए जाने के काफी समय बाद पुलिस वहां पहुंची। लेकिन इससे पहले ही लोगों ने स्वयं पहल कर घायल ऑटो चालक को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी बाइक सवार की पहचान के प्रयास में जुटी है।

# कांड्रा लाहकोटी में मातृ-पितृ पूजन दिवस पर अभिभावकों का पूजन कर बच्चों ने लिया आशीर्वाद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया**।कांड्रा पंचायत के लाहकोठी में मातृ- पितृ पूजन दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माता-पिता के स्वागत के साथ हुई। उसके पश्चात दीप प्रज्जवलन के साथ विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया जिसे सुन दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को देख अभिभावको की आंखें भी नम हो गई। इस मौके पर नन्हे-मुन्हें बच्चों ने तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर अपने अभिभावकों का चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस मौके पर बच्चों एवं अभिभावकों द्वारा विभिन्न प्रकार के गायन व नृत्य की प्रस्तुति भी की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी डॉ0 जोगेंद्र प्रसाद



महतो ने कहा कि संस्कार से युक्त शिक्षा ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षा है। आज सभी बच्चें प्रण लें कि हम अपने माता-पिता का हृदय से सम्मान करेंगे तथा अपने कार्यो द्वारा उन्हे गौरवान्वित करेगें। मौके पर उपस्थित कांड्रा स्टेशन मास्टर एनके पांडेय और स्टेशन प्रबंधक सुकेश कुमार ने कहा कि आधुनिक भौतिकवाद युग में हम सनातन संस्कृति एवं उनके मूल्यों को भूलते जा रहे हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में माता पिता व अपने बड़ों के प्रति आदर एवं सम्मान की भावना को प्रकट करना है। इस आयोजन का लोगों ने काफी सराहना किया। इस मौके पर मुख्यरूप से शिक्षक कालीचरण महतो, हरिश्चन्द्र विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक जगदुर्लभ महतो, शिक्षक रंजीत श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह, गौरी प्रसाद, बंगाली गिरी, बृजेश मिश्रा, केएन सिंह, रामराज मिश्रा, डॉ0 मानव कुमार प्लाजा, ममता दास, जोबा दास, मनीषा देवी, सुनीता प्रमाणिक, प्रेमलता देवी, निशा कुमारी गुप्ता, क्रांति देवी, नीला मिश्रा, पूर्व उपमुखिया सुबोध सिंह समेत काफी संख्या में बच्चे व अभिभावकगण उपस्थित थे।

# पुलवामा कांड में शहीद हुए जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**- मुसाबनी बाजार समिति ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन**

**मुसाबनीः** 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार को मुसाबनी बाजार चौक में मुसाबनी बाजार समिति अध्यक्ष सरदार राजू सिंह के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस सभा में विभिन्न राजनीतिक दल के लोग, सामाजिक संगठन, प्रशासनिक पदाधिकारी आदि ने भाग लेकर देश के सपूत शहीद जवान को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ स्कूली

बच्चों ने भी पुलवामा घटना के वर्षी पर शहीद जवान को श्रद्धा



सुमन अर्पित किया।

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, भाजपा, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस सहित विभिन्न राजनैतिक और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकताओं और शैक्षिक संस्थानों के बच्चों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बाजार समिति के अध्यक्ष सरदार राजू सिंह ने कहा कि शहीद जवानों की कुबार्नी एवं शहादत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी।जिन्होंने हमारे राष्ट्र की सेवा और रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश उनकी शहादत को हमेशा याद रखेगा ।लोगों ने श्रद्धांजलि सभा में देश की अखंडता व एकता को बनाये रखने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से राजू सरदार, पप्पू अली, इम्तियाज अंसारी,दीपक अग्रवाल,पवन सिंघानिया,शम्भू अग्रवाल,मो गुलाम, मो अकबर,सरफराज अंसारी, विवेक गुप्ता,बीरेंद्र शर्मा,फोटिक भगत, लक्ष्मण यादव,गौरव क्रांतिगुरु सहित काफी संख्या में दुकानदार शामिल थे।

# रामायण व महाभारत की कथा हमें जीवित रहने को सिखाती है मगर भागवत कथा हमें मरने को सिखाती है महाराज श्याम सुंदर चक्रवर्ती

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**विलुप्त संस्कार को बचाए रखने के लिए भागवत कथा का आयोजन आवश्यक है - पूर्व मुख्यमंत्री माननीय चंपई सोरेन**

**पोटका** पोटका प्रखंड अंतर्गत मुहुलडिहा गांव में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कि कथा में महाराजा श्याम सुंदर चक्रवर्ती ने गोकर्ण बंधुकारी की कथा में भगवान शिव के पुत्र गोकर्ण को उनके पिता ने एक वरदान दिया था जो भी उसकी पूजा करेगा उसे मोक्ष प्राप्त होगा,भागवत के मंगलाचरण, भागवत की रचना कैसे हुई, सुखदेव गोस्वामी का पवित्र जीवन, परीक्षित महाराज को ब्रह्मोशाप प्राप्ति आदि विषयों पर भक्त मंडली से रूबरू होते हुए



बताऐ की रामायण एवं महाभारत की कथा हमें जीवित रहने को सिखाती है मगर भागवत कथा हमें मरने को सिखाती है कहने का तात्पर्य ये हुआ कि हमें इस माया के संसार में कैसे जीवन जीना होगा ताकि मोक्ष की प्राप्ति हो भागवत हमें यही शिक्षा देती है।

भागवत पिट पर आज झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय चंपाई सोरेन, पूर्व विधायक श्रीमती मेनका सरदार, हल्दीपोखर पूर्वी के मुखिया देवी भूमिज, भाजपा नेता गणेश सरदार, चंद्रशेखर गुप्ता ,पाल्टू मंडल, गुना प्रसाद महतो आदि भागवत प्रेमी महानुभावों ने माथा टेका। पूर्व मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा विलुप्त संस्कार को बचाने के लिए भागवत कथा का आयोजन अति आवश्यक है।

कथा स्थल में महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई पूरा पंडाल भक्त मंडली से भरा हुआ था।

कथा में सभी भक्त मंडलियों को सुचारू रूप से बैठने एवं समुचित व्यवस्था करने के लिए गांव के वॉलिंटियर्स श्रीकांत मंडल, सजल मंडल, सुमन मंडल वाणिज्य गोप, दुलाल मंडल, विधान मंडल, बिल्टू मंडल, अमृता खंडवाला वर्षा मंडल, सरस्वती मंडल, आदि की मुख्य भूमिका रही।

## सार-संक्षेप

### फाल्गुन महोत्सव का आगाज, श्याम भजनों पर झूमे श्रद्धालु



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल**। श्री श्याम कला भवन चांडिल के तत्वावधान में श्याम मंदिर में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार कर फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ किया गया। बृहस्पतिवार को फाल्गुन महीने के पहले दिन श्याम प्रेमियों ने मंदिर परिसर में संकीर्तन किया। भजन ₹चढ़वा दे बाबा श्याम, निशान मेरा चढ़वा दे₹ पर श्रद्धालु झूमते हुए बाबा श्याम के जयकारे लगाने लगे।

श्री श्याम कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने बताया कि पूरे फाल्गुन महीने तक महोत्सव मनाया जाएगा। प्रतिदिन बाबा श्याम का फूलों से भव्य श्रृंगार होगा और हर रात 8:30 बजे से चांडिल बाजार स्थित श्याम मंदिर में श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी श्याम प्रेमियों से भजनोंत्सव में शामिल होने की अपील की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रवण जालान ,दुर्गा चौधरी, हरीश सुल्तानिया, सुभाष शर्मा विकास रूंगटा, पवन जालान, मोंटी चौधरी,अप्पू रुंगटा अश्विनी शर्मा, सहित कई श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

### दिव्यांग व असहाय लोगों के बीच जालिम मार्डी ने बाटे 30 कम्बल, ठंड से ठिठुर रहे गरीबों को मिली राहत



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** : पोटका प्रखंड कार्यालय की लेट् लतीफी की वजह से प्रखंड क्षेत्र के डोमजूडी पंचायत में देर से कम्बल वितरित की गई ।इधर कम्बल पाते ही पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी व वार्डमेंबर सुरु बाली सोरेन ने बाड़ेघुटू व डुगरीडीह में दिव्यांग हचाई बास्के समेत 30 असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया ।इधर कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे व लोगों ठंड से राहत महसूस की ।इस बाबत राजदोहा पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी ने कहा कि उनके क्षेत्र के अन्य गांव में मसलन राजदोहा,खुर्शी,धोबनी, डोमजूडी में भी कंबल बाटी गई ।इस मौके पर टोला ग्राम प्रधान सुपाई टुडू, नागी बास्के,सुमी बास्के, सालगे बास्के उपस्थित थे ।

### सरायकेला-कांड्रा मार्ग पर भीषण सड़क दुर्घटना, दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**सरायकेला** : थाना अंतर्गत सरायकेला-कांड्रा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार देर शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायकेला निवासी अनमोल कुमार साहू अपनी बाइक से सरायकेला की ओर लौट रहे थे जबकि जमशेदपुर के बारीडीह निवासी आशु झा अपनी बाइक से जमशेदपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गौरांगडीह गांव के समीप दोनों बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सड़क किनारे से उठाया और रोड एंबुलेंस बुलाकर सरायकेला सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। सरायकेला-कांड्रा मार्ग पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ रही है। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और यातायात नियमों के कड़े पालन की मांग की है।

### पांड्रा गांव में महंत विदाई और ग्राम क्षेत्र में संकीर्तन यात्रा के साथ पांच दिवसीय अखंड श्री श्री हरि नाम संकीर्तन का समापन

**सरायकेला** : पांड्रा गांव में श्री श्री हरि संकीर्तन समिति के तत्वावधान में माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय अखंड श्री श्री हरि नाम संकीर्तन का शुक्रवार को धुलोट के साथ भव्य समापन किया गया। समापन के अवसर पर ग्रामवासियों ने विधिपूर्वक महंत विदाई की। इसके बाद मेजबान श्री श्री हरि संकीर्तन मंडली, पांड्रा द्वारा श्री राधा-गोविंद की मूर्ति के साथ संकीर्तन यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान ग्राम क्षेत्र का भ्रमण किया गया, जहां ग्रामीणों ने द्वार-द्वार पर राधा-गोविंद की पूजा-अर्चना कर भव्य स्वागत किया। संकीर्तन यात्रा के दौरान ग्रामवासियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और ग्राम क्षेत्र की सीमा तक साथ पहुंचे। वहीं, ग्राम की सीमा पर धार्मिक रीति-रिवाज के साथ संकीर्तन का समापन किया गया। बताया गया कि श्री श्री हरि नाम संकीर्तन के पांच दिवसीय आयोजन के दौरान पूरा गांव सात्विक परंपरा में डूबा रहता है। मान्यता है कि इस आयोजन से ग्राम क्षेत्र में महामारी का प्रकोप नहीं होता और वार्षिक कृषि कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होते हैं। ग्रामवासियों के उत्साह और श्रद्धा से ओत-प्रोत इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया।

### आदित्यपुर में 16 फरवरी को होनेवाले 14वें रक्तदान शिविर की तैयारियां पूरी, 500 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य

**आदित्यपुर** : श्री ब्रह्मर्षि विकास मंच आदित्यपुर द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क (डब्ल्यू टाइप मैदान) में आगामी 16 फरवरी रविवार को 14वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। आयोजन में जमशेदपुर ब्लड सेंटर और प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन का सहयोग रहेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए संरक्षक सतीश शर्मा ने बताया कि इस शिविर में 500 यूनिट रक्त संग्रहित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी समाज के लोगों से इस महादान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। श्री ब्रह्मर्षि विकास मंच के पूर्व अध्यक्ष श्रीराम ठाकुर ने कहा कि मंच द्वारा अब फिर से नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित करने की योजना बनाई गई है जिससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के निदेशक अरिजीत सरकार, अवधेश्वर ठाकुर, मनोज चौधरी, राजीव मोहन सिंह, चंद्रमा पांडेय, भोगेंद्र नाथ झा, अजय कुमार सिंह, गणेश प्रसाद सिंह, विनीत प्रसाद सिन्हा, रविंद्र सिंह, हरेंद्र तिवारी, ज्ञानेंद्र कुमार मुन्ना, सुनील सिंह, देवेंद्र कुमार, कृष्ण मुरारी सिंह, आयुष कुमार, शंभुनाथ सिंह, राजीव मिश्रा, अर्जुन सिंह, मुकुल ठाकुर, सुरेंद्र सिंह और चंद्रशेखर राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है और इस आयोजन के माध्यम से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# ङ्स्मार्ट और टिकाऊ शहरीकरण को आगे बढ़ाएंगे भारत और यूरोपीय संघ, दोनों के बीच चौथे फोरम में बनी सहमति

**नई दिल्ली,एजेंसी।**




स्मार्ट और टिकाऊ शहरीकरण के लिए साझेदारी पर 2017 में किए गए संयुक्त घोषणापत्र के आधार पर बृहस्पतिवार को चौथा भारत-यूरोपीय संघ शहरी फोरम आयोजित किया गया। एक बयान में कहा गया है कि यह कार्यक्रम यूरोपीय संघ और भारत के बीच शहरी विकास पर सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस कार्यक्रम में भारत, यूरोपीय संघ (ईयू) और उसके सदस्य देशों के अधिकारियों-विशेषज्ञों ने टिकाऊ शहरी विकास के लिए नीतियों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा की। इसका उद्देश्य भारत में ईयू की वैश्विक रणनीति को मजबूत करना है।

**फोरम ने नए उपायों और वित्तपोषण तरीकों की खोज की:** केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा, फोरम ने लैंगिक समावेशिता, लचीलापन और टिकाऊ शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए नए उपायों और वित्तपोषण तरीकों की खोज की। इसमें तीन प्रमुख विषयों- भारतीय शहरों में शहरी गठबंधन, शहरी स्तर पर नवाचार और परिपत्रता को बढ़ावा देना, समावेशी शहरी गतिशीलता पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**ईयू-भारत का सहयोग महत्वपूर्णः** मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में वैश्विक ऊर्जा खपत, उत्सर्जन और प्रदूषण का दो-तिहाई हिस्सा होता है, इसलिए ईयू-भारत का सहयोग महत्वपूर्ण है। 2017 से, भारत-यूरोपीय संघ सहयोग टिकाऊ शहरों के मॉडल, सार्वजनिक-निजी निवेश, जलवायु कार्रवाई और आपदा जोखिम न्यूनीकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि टीम यूरोप ने 40 से अधिक भारतीय नगर पालिकाओं के साथ मिलकर जलवायु-स्मार्ट विकास की उनकी समझ को बढ़ाया है। इसके अलावा, शहरी गतिशीलता समाधानों, अपशिष्ट प्रबंधन और जलवायु कार्रवाई योजना का समर्थन किया है।

**राजदूत हर्वे डेल्फिन ने ईयू-भारत सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालाः** भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने शहरी विकास में ईयू-भारत सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 2017 से, ईयू भारतीय शहरों के विकास की योजना में मदद कर रहा है।

**स्मार्ट और टिकाऊ शहरीकरण हमारी साझेदारी के मूल में रहा- डेल्फिन** डेल्फिन ने कहा, सही नीतियों के साथ, शहरीकरण स्थिरता के लिए एक बड़ा अवसर हो सकता है। स्मार्ट और टिकाऊ शहरीकरण हमारी साझेदारी के मूल में रहा है। शहरों के इको-डिजाइन में सुधार करना, अपशिष्ट निपटान में सुधार करना, जल पुनर्चक्रण में सुधार करना, और मेट्रो के वित्तपोषण के साथ शहरी गतिशीलता को सुविधाजनक बनाना।

**सतत शहरीकरण का समर्थन करने को 1 बिलियन यूरो की पूंजी जुटाई- डेल्फिनः** डेल्फिन ने यह भी कहा कि हमने सतत शहरीकरण का समर्थन करने के लिए 1 बिलियन यूरो (9000 करोड़ रुपये) से अधिक की पूंजी जुटाई है। 2025-2027 की अवधि के दौरान इस प्रयास को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता है।

**भारतीय शहर स्मार्ट समाधानों को अपना रहे- श्रीनिवासः** फोरम की शुरुआत करते हुए एचयूए सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने शहरी नवाचार के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, भारतीय शहर स्मार्ट समाधानों को अपना रहे हैं, हरित बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं ।

## असम एसटीएफ को मिली बड़ी सफलता, चेन्नई से एबीटी के उग्रवादी को किया गिरफ्तार



**गुवाहाटी,एजेंसी।**

असम स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ ने चेन्नई में ऑपरेशन प्रघात के तहत एक महत्वपूर्ण उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उस पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर असम एसटीएफ ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु पुलिस के साथ मिलकर चेन्नई के सेम्मेन्चेरी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 12 फरवरी की सुबह एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन में एसटीएफ ने अबू सलाम अली को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अली की पहचान असम के धुबरी जिले के बिलासिपारा पुलिस स्टेशन के खदीगांव पार्ट-द्धद्ध के निवासी के रूप में हुई। असम एसटीएफ इसे बड़ी सफलता मान रही है।

इस ऑपरेशन को एसटीएफ के आईजीपी पार्थसारथी महंता के मार्गदर्शन में डिप्टी एसपी एसटीएफ सत्येन्द्र सिंह हजारी ने अंजाम तक पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि अली अंसारुल्ला बंगला टीम (एबीटी) और जमात-उल-मुजाहिदीन का सक्रिय सदस्य है। उसके संबंध उन उग्रवादी गतिविधियों की जांच से जुड़े हुए हैं, जो इससे पहले कोकराझार और धुबरी से गिरफ्तार किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि वह पिछले वर्ष 12 दिसंबर को बच निकलने में कामयाब हुआ था लेकिन अंततः उसे आखिर चेन्नई से गिरफ्तार कर लिया गया। जांचकर्ताओं के मुताबिक अली ने नूर इस्लाम मंडल और शाहिनुर इस्लाम के साथ मिलकर उग्रवादी गतिविधियों का समन्वय किया और एक व्यापक एजेंडा के तहत कट्टरपंथी गुटों को मजबूत करने और राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को कमजोर करने का प्रयास किया।

## एमवीए के अंत को लेकर अपनी भविष्यवाणी पर आशीष शेलार बोले- सच साबित हुई, घोषणा की औपचारिकता बाकी

**पुणे,एजेंसी।**



महाराष्ट्र के मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष शेलार ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने सही भविष्यवाणी की थी कि विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की समाप्ति तिथि नजदीक आ रही है। शेलार की यह टिप्पणी शिवसेना (यूबीटी) द्वारा एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने की आलोचना के संदर्भ आई है।

**पवार ने शिंदे को दिल्ली में किया सम्मानितः** 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के अवसर पर मंगलवार को शरद पवार ने उपमुख्यमंत्री शिंदे को दिल्ली में महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया। बता दें कि पवार की एनसीपी (एसपी) विपक्षी एमवीए का हिस्सा है, जिसमें शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस भी शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता संजय राउत ने कहा था कि शिवसेना को विभाजित करने वाले और महाराष्ट्र को कमजोर करने वाले व्यक्ति को सम्मानित करने से मराठी लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

**एमवीए के अंत की नवंबर में की थी घोषणा- शेलारः** मंत्री शेलार ने पुणे अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में संवाददाताओं को संबंधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, जब नवंबर में विधानसभा चुनाव के लिए टिकट वितरण की प्रक्रिया चल रही थी, तो मैंने भविष्यवाणी की थी कि एमवीए की समाप्ति तिथि नजदीक आ रही है। मैंने कहा था कि चुनाव परिणामों के बाद एमवीए का अंत हो जाएगा।

शेलार ने कहा कि जिस तरह के बयान दिए जा रहे हैं, उससे पता चलता है कि एमवीए अब अस्तित्व में नहीं है। बल्कि, यह मृत अवस्था में है। इसे मृत घोषित करने की केवल औपचारिकता ही बची है।

**कांग्रेस चाहे जिसे अध्यक्ष बनाए, शून्य ही रहेगी- शेलारः** कांग्रेस द्वारा हर्षवर्धन सपकाल को महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष बनाए जाने पर शेलार ने कहा कि यह पार्टी का आंतरिक मामला है, लेकिन उन्होंने कहा, चूंकि मैं गणित का छात्र हूं, इसलिए मैं यही कहूंगा कि शून्य घटा शून्य शून्य के बराबर होता है।

## धनखड़ बोले: जस्टिस यादव पर महाभियोग का नोटिस सुप्रीम कोर्ट से साझा करें, 55 सांसदों ने दिया था नोटिस

**नई दिल्ली,एजेंसी।**



मुसलमानों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करने से पहले राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नोटिस को सुप्रीम कोर्ट के महासचिव के साथ साझा करने का निर्देश दिया है। धनखड़ ने स्पष्ट किया कि प्रक्रिया सांविधानिक रूप से संसद के अधीन है। इसके बाद, जस्टिस यादव के खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की जा सकती है। सभापति धनखड़ ने प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के नोटिस पर व्यवस्था देते हुए कहा, उन्हें 13 दिसंबर, 2024 को महाभियोग प्रस्ताव के लिए बिना तारीख वाला नोटिस मिला है। विपक्षी सांसदों ने नोटिस में संविधान के अनुच्छेद 124(4) के तहत जस्टिस यादव को पद से हटाने की मांग की है। सभापति धनखड़ ने कहा, इस विषय-वस्तु का अधिकार क्षेत्र सांविधानिक रूप से राज्यसभा के सभापति, राष्ट्रपति व संसद के पास है। सार्वजनिक सूचना के मद्देनजर यह उचित है कि राज्यसभा के महासचिव इसकी जानकारी सुप्रीम कोर्ट के महासचिव के साथ साझा करें।

**कार्यक्रम में दिया था विवादित बयानः** जस्टिस यादव पर बीते साल 8 दिसंबर को विहिप के विधि प्रकोष्ठ से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेने और इस दौरान मुसलमानों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। जस्टिस यादव ने कहा था कि बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा। यही कानून है। इस दौरान उन पर यह कहने का भी आरोप है कि कठमुल्ले देश के लिए घातक हैं।

**जस्टिस यादव के खिलाफ महाभियोग के लिए 55 सांसदों ने दिया नोटिसः** मुस्लिमों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में विपक्ष के 55 सासंदों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस दिया था। पिछले साल 13 दिसंबर के इस प्रस्ताव में जस्टिस यादव पर न्यायिक जीवन के मूल्यों के पुनर्कथन-1997 का उल्लंघन से का आरोप है।

## भारत में खेल संस्कृति विकसित कर रही सरकार, खेल राज्यमंत्री बोलीं- वैश्विक स्तर पर चमकेंगी प्रतिभाएं




**नई दिल्ली,एजेंसी।**

केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने गुरुवार को केंद्र सरकार द्वारा देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि भारत वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त कर सके। खडसे ने फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) और डेलॉइट के बीच संयुक्त प्रयास से तैयार की गई रिपोर्ट बियॉन्ड द फील्ड- इंडियाज स्पोर्ट्सटेक इवोल्यूशन जारी किया। इसको लेकर उन्होंने कहा कि भारत सरकार एक जीवंत खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो जमीनी स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है।

**खेल के भविष्य को लेकर सरकार आसावादीः** खडसे ने कहा कि भारत के खेलों में भविष्य को लेकर सरकार आशावादी है और निरंतर सहयोग से हम वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे। बता दें कि लॉन्च कार्यक्रम में खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, उद्योग जगत के नेता और खेल पेशेवर भी शामिल हुए।

**खेल पारिस्थितिकी तंत्र पर भी डाला प्रकाशः** खडसे ने भारत के तेजी से विकसित होते खेल पारिस्थितिकी तंत्र पर भी प्रकाश डाला, जिसे खेलो इंडिया, साई राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई), टॉप्स, अस्मिता और कीर्ति जैसी सरकारी पहलों के साथ-साथ फिट इंडिया मूवमेंट के जरिए फिटनेस को बढ़ावा देने के प्रयासों से मदद मिल रही है। साथ ही खडसे ने एफआईएफएस और डेलॉइट के बीच खेल प्रौद्योगिकी और प्रशंसक जुड़ाव पर तैयार की गई रिपोर्ट की सराहना की।

**खेल को बदलने में प्रौद्योगिकी की भूमिकाः** साथ ही खडसे ने आगे कहा कि खेलों को बदलने में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका है। उन्होंने एथलीटों के प्रदर्शन, प्रशंसक जुड़ाव और खेल क्षेत्र के समग्र विकास में प्रौद्योगिकी के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। खडसे ने कहा कि भारत में डिजिटल प्लेटफॉर्म, ओटीटी स्ट्रीमिंग, फैंटेसी स्पोर्ट्स और सोशल मीडिया ने खेलों की खपत बढ़ाई है, जिससे प्रशंसकों की भागीदारी में भी वृद्धि हुई है। यह खेलों को जन आंदोलन बनाने के लिए जरूरी है।

**खेल के विकास में निजी क्षेत्र की सराहनीय- खडसेः** खडसे ने भारत में खेलों के विकास में निजी क्षेत्र की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) और रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, बड़ी खेलों के विभिन्न पहलुओं के विकास में योगदान दिया है।

## महंगी कार में सड़क स्टंट कर रहे थे छात्र, पुलिस ने अभिभावकों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**सूरत,एजेंसी।**

गुजरात में बच्चों की गलती का खामियाजा अभिभावकों को भुगतना पड़ा। सड़क पर स्कूली छात्रों के स्टंट करने पर पुलिस अभिभावकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सूरत में 12वीं के छात्रों का एक समूह 35 महंगी कारों के काफिले में स्कूल विदाई समारोह में जा रहा था। इस समूह के तीन स्कूली लड़कों का सात फरवरी को शहर की सड़क पर बीएमडब्ल्यू, मासेराती, मर्सिडीज और पोर्शे पर जानलेवा स्टंट करते वीडियो वायरल हो गया। पुलिस ने बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने देने के लिए इन तीनों के माता-पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आर पी बरोट ने बताया कि वीडियो में शहर के ओलपाड इलाके में फाउंटेनहेड स्कूल में एक विदाई समारोह में शामिल होने जा रहे छात्रों में से कुछ खतरनाक तरीके से कार के दरवाजों पर बैठे या सनरूफ से अपना सिर बाहर निकालते हुए अपने हाथों में स्मोक गन लिए नजर आए। इनमें से तीन छात्र बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के कार चला रहे थे, वहीं, अन्य कारों को किराए के ड्राइवर चला रहे थे।

**22 कारें जब्त की गईः** डीसीपी बरोट के मुताबिक, इस सिलसिले में बुधवार को पाल पुलिस स्टेशन में छह प्राथमिकी दर्ज की गई। बरोट ने आगे बताया कि वीडियो देख से शहर के लोग हैरान रह गए और स्कूल प्रबंधन ने छात्रों के इस समूह से बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के स्कूल में वाहन न लेकर आने की हिदायत दी। उन्होंने कहा, हमने 35 कारों में से 26 की पहचान की है और अब तक 22 कारें जब्त की गई हैं। कारों के मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। अधिकारी ने कहा कि हमने स्टंट के लिए इस्तेमाल की गई तीन कारों के ड्राइवरों के खिलाफ भी तीन और प्राथमिकी दर्ज की हैं। उन पर धारा 281 (तेज या लापरवाही से गाड़ी चलाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहे जिसे भी अध्यक्ष बनाए, वह शून्य ही रहेगी।

शिवसेना (यूबीटी) नेता राजन साल्वी के एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने पर भाजपा नेता शेलार ने कहा कि विपक्ष की स्थिति कमजोर हो रही है। उन्होंने शिंदे के नाखुश होने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनके उपमुख्यमंत्री (शिंदे और अजित पवार) कुशलता से काम कर रहे हैं।

## सीआरपीएफ जवान ने अपने शिविर में की गोलीबारी, दो की मौत-आठ घायल

**इंफाल,एजेंसी।**

मणिपुर के सीआरपीएफ शिविर में एक जवान ने कथित तौर पर गोलियों से अपने दो सहयोगियों की हत्या की और आठ अन्य को घायल किया। इसके बाद जवान ने आत्महत्या कर ली। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

**सीआरपीएफ शिविर में हुई गोलीबारीः** सूत्रों ने बताया कि घटना मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल में हुई। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शिविर में आज रात 8-20 बजे हवलदार संजय कुमार ने कथित तौर पर गोली चलाकर एक कांस्टेबल और एक उप-निरीक्षक की हत्या की। इसके बाद उसन खुद को भी गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**आठ घायल जवान अस्पताल में भर्तीः** इस घटना में आठ अन्य जवान घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आरआईएमएस) में भर्ती कराया गया है। संजय कुमार सीआरपीएफ की 120वीं बटालियन में तैनात था। गोलीबारी के पीछे की वजहों का पता लगाने की कशिश की जा रही है। फिलहाल इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया।

## राज्य में राष्ट्रपति शासन ही एकमात्र विकल्प था, मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद बोले रक्षा विशेषज्ञ

**इंफाल,एजेंसी।**



मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद रक्षा विशेषज्ञ जिस बात की भविष्यवाणी कर रहे थे, अंततः मणिपुर में वही हुआ। राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की अधिसूचना जारी कर दी। मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद राज्य में पिछले चार दिनों से राजनीतिक संकट का समाधान हो गया। रक्षा विशेषज्ञों ने कहा, मणिपुर में जिस तरह के हालात थे, ऐसे में वहां राष्ट्रपति शासन के अलावा और कोई विकल्प बचा नहीं था। क्योंकि वहां के हालात अब काफी बिगड़ चुके थे।

रक्षा विशेषज्ञ कर्नल नविंदर नारंग (सेवानिवृत्त) ने कहा, मणिपुर जिन कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा था, उसे देखते हुए राष्ट्रपति शासन एक मात्रा विकल्प बचा था। वहां पर जिस तरह से पहाड़ और घाटी में लोग बंट गए हैं। वहां पर सुरक्षा एजेंसियों का पर लगातार सवाल उठ रहे थे और उनका मनोबल गिर रहा था। अब सेना को ऑपरेशन करने में आसानी होगी। राष्ट्रपति शासन से पहले कुछ अड़चनें थीं, अब वे सारी खत्म हो गई हैं। देश हित में अब सभी को सहयोग करना होगा।

वायु सेना के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, निश्चित रूप से वहां पर हालात ठीक नहीं थे। सरकार को ठोस कदम उठाने थे, अंततः उसने उठाए। अब हालात सामान्य करने के लिए मिल कर काम करना होगा। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में इससे पहले दस बार राष्ट्रपति शासन लागू हो चुका है।

**कांग्रेस 20 महीने से कर रही थी राष्ट्रपति शासन की मांग - जयरामः** मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद कांग्रेस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वह पिछले 20 महीने से राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग कर रही थी।

# अमेठी में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़,चार गिरफ्तार.

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**छह अवैध शस्त्र,सात अर्द्ध निर्मित नाल व कारतूस और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद.**

**अमेठी** ।जिले की मोहनगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है ।पुलिस ने मौके से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया ।इसके साथ ही कुल छह अवैध शस्त्र( निर्मित व अर्धनिर्मित)
सात अर्द्धनिर्मित नाल व कारतूस और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण भी बरामद किए है ।गिरफ्तारी व बरामदगी कर पुलिस ने विधिक कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक जिले में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये अभियान चलाया जा रहा है ।इस अभियान के तहत थाना मोहनगंज के एसआई जितेंद्र कुमार व उनकी टीम को चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति उसरी से फूला मार्ग पर बाग में बनी कोठरी में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चला रहे है ।सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी करते हुए हिकमत अमली से चार अभियुक्तों को अवैध शस्त्र बनाते हुए पकड़ लिया गया ।पुलिस के पूछने पर



एक ने अपना नाम राघवेन्द्र सिंह निवासी रायपुर टोड़ी थाना-नसीराबाद रायबरेली,दूसरे ने अपना नाम महेश कुमार निवासी सुब्बा का पुरवा थाना-जगदीशपुर अमेठी व तीसरे ने अपना नाम पंकज कुमार सिंह उर्फ राजू निवासी ग्राम कनपुरिया थाना जगदीशपुर अमेठी और चौथे ने अपना नाम अंकित उर्फ संतोष पुत्र जयलाल निवासी खानापुर चपरा थाना मोहनगंज अमेठी बताया।

मौके से गिरफ्तार चारो अभियुक्तों के कब्जे से तीन निर्मित(एक तमंचा 12 बोर,एक तमंचा 315 बोर,एक तमंचा 32 बोर )तीन अदद अर्द्ध निर्मित(एक तमंचा 12 बोर,एक तमंचा 315 बोर,एक तमंचा 32 बोर ) कुल छह अवैध शस्त्र,सात अर्द्धनिर्मित नाल,दो जिन्दा कारतूस(एक 12 बोर,एक 315 बोर )व एक धौकनी,एक छोटा सिलेण्डर,एक ड्रिल मशीन,हथौडी, कटर,आरी,छह आरी ब्लेड,लोहे की रेती,पेंचकस,बेंच वाइस राड,तैतीस स्प्रिग,एक बण्डल लोहे का तार,पंच, स्क्रू,छेनी आदि भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग मिलकर देशी तमंचा व अद्धी बनाने व बेचने का काम करते है ।अवैध शस्त्र बनाने के बाद यही बाग में झाड़ियों में गड्ढा खोदकर दबा देते है और मौका पाकर बेच देते है ।बरामदगी के आधार पर चारो अभियुक्तों को थाना मोहनगंज पुलिस ने समय करीब एक बजकर चालीस मिनट पर रात्रि में गिरफ्तार किया।

पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की ।उक्त सराहनीय कार्य के लिये पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस टीम को 10,000 रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

## हत्या के प्रयास के लिए सुनाई उम्रकैद की सजा, आक्रोशित दोषी ने जज पर फेंकी चप्पल

**हैदराबाद,एजेंसी।**

तेलंगाना के हैदराबाद में हत्या के प्रयास के एक मामले में उम्रकैद की सजा दिए जाने से आक्रोशित दोषी व्यक्ति ने गुरुवार को यहां अदालत कक्ष में एक महिला जज की तरफ कथित रूप से चप्पल फेंकी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना उस समय हुई, जब आरोपी को हत्या के एक अन्य मामले की सुनवाई के लिए अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) की अदालत के समक्ष पेश किया गया था। पुलिस के मुताबिक, हालांकि चप्पल जज को नहीं लगी।

**हत्या के प्रयास के मामले में सुनाई गई उम्रकैद की सजाः** पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, अदालत ने 11 फरवरी को हत्या के प्रयास के एक मामले में दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उसी व्यक्ति को आज हत्या के एक अन्य मामले में उसी अदालत में पेश किया गया।

**कोर्ट परिसर में वकीलों ने की दोषी की पिटाईः** रंगारेड्डी जिला न्यायालय बार एसोसिएशन ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। वकीलों ने अदालत परिसर में दोषी को पकड़कर कथित तौर पर पीटा। वकीलों ने की दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग जिला न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वाई कोंडल रेड्डी ने कहा कि उम्रकैद की सजा पाने वाला दोषी जज से नाराज था और उसने चप्पल फेंक दी।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नीति आयोग के सीईओ बि.वी.आर सुब्रमण्यम ने बेगूसराय को दी बधाई

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में पूरे देश में बेगूसराय का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**जनवरी 2024 में बेगूसराय प्रथम स्थान प्राप्त किया।**

**शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुल 3 करोड़ की राशि की परियोजना प्रतिवेदन भेजने का निर्देश**

**बेगूसराय** आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत बेगूसराय जिले ने स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे भारत में जनवरी 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

इस बाबत आज दिनांक - 14 फरवरी शुक्रवार को नीति आयोग के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूरे भारत में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत सभी उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें नीति आयोग के सीईओ बि.वी.आर सुब्रमण्यम (आईएएस 1987 बैच)द्वारा सभी पुरस्कार पाने वाले जिले को बधाई दी गई।

साथ ही सभी जिलों को अपने जिला में आकांक्षी जिला




कार्यक्रम अंतर्गत लिए जाने वाले योजनाओं से संबंधित प्रस्तावित परियोजना प्रतिवेदन दिनांक 10 मार्च ,2025 तक नीति आयोग को प्रेषित करने को निदेशित किया गया । जिसमें की बेगुसराय जिला द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुल 3 करोड़ तक की राशि का परियोजना प्रतिवेदन नीति आयोग को भेजा जाना है।

उक्त निदेश के आलोक में जन हितकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं का सृजन जिला पदाधिकारी के निर्देश में किया जा रहा है ।

बेगूसराय जिले को आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत यह उपलब्धि मिली थी।बेगूसराय जिला लगातार आकांक्षी कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है ।

आकांक्षी जिला में रैंकिंग के लिये कुछ पैरामीटर है - जिलों की रैंकिंग 5 व्यापक सामाजिक-आर्थिक विषयों के तहत 49 प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (ङ्ढक२) में की गई वृद्धिशील प्रगति पर आधारित है -

स्वास्थ्य और पोषण (30%)
शिक्षा (30%)
कृषि और जल संसाधन (20%)
वित्तीय समावेशन और कौशल विकास (10%)
अवसंरचना (10%)

जिला पदाधिकारी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य और पोषण के प्रक्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिले में कई जन हितकारी और कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हें।

बैठक में उप विकास आयुक्त बेगूसराय, सिविल सर्जन अशोक कुमार , जिला योजना पदाधिकारी बेगूसराय सहित पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## यमुना भगत अंतर्राज्यीय 25 वां महिला फुटबॉल टूनार्मेंट के तीसरे दिन मुजफ्फरपुर में कटिहार कोको 5 - 1से हराया

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

बरौनी खेल गांव स्थित यमुना भगत स्टेडियम में बरौनी ग्रामीण क्लब द्वारा 12 फरवरी बुधवार को अंतर्राज्यीय महिला फुटबॉल टूनामेंट का शानदार आगाज हुआ था ।टूनामेंट का उद्घाटन बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता एवं उपाध्यक्ष अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ रविंद्र मोहन प्रसाद एवं समाजसेवी पूर्णिमा शर्मा ने संयुक्त रूप से केक काटकर महिला टूनामेंट का सिल्वर जुबली मनाया। वहीं टूनामेंट के तीसरे दिन शुक्रवार को प्रथम मैच मुजफ्फरपुर और कटिहार के बीच खेला गया । जिसमें मुजफ्फरपुर ने 5 - 1 से कटिहार को हराया । वहीं दूसरी मैच जोकि सेमी फाइनल मैच रानी लक्ष्मीबाई और सिवान के बीच खेला गया । जिसमें दोनों टीम मैच में एक-एक के बराबर रही।



लेकिन टाइप ब्रेकर में तीन एक से रानी लक्ष्मीबाई एक्सपोर्ट अकादमी की टीम ने जीत दर्ज किया। तीसरे दिन दिन मैच के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी डॉक्टर सोनू शंकर थे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। और फुटबॉल को किक मारकर तीसरे दिन के खेल मैच का विधिवत उद्घाटन किया।आज के मैच रेफरी मनीष कुमार, असिस्टेंट रेफरी मोहम्मद दानिश,रोशन कुमार ,अमन कुमार, अनुराग कुमार एवं हेड ऑफ रेफरी चिरंजीवी ठाकुर मौजूद थे। संचालन करते हुए संयोजक संजीव कुमार सिंह मुन्ना ने बताया कि समापन मैच 16 फरवरी 2025 को खेला जाएगा। कर्मियों की स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर डॉक्टर पीसी पाठक के नेतृत्व में मेडिकल कैंप लगाया गया था ।मौके पर ग्रामीण क्लब के सदस्य श्री देव सिंह ,भोला सिंह, ज्योति सिंह , संजीव कुमार सिंह के अलावे भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे

## दिव्यांग जनों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिया ज्ञापन

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

**दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 को प्रभावी रूप से लागू किया जाए**

**दिव्यांग पेंशन की राशि 400 से बढ़कर 3000 रुपया प्रतिमा किया जाए**

दिव्यांग संघ जिला गया की अध्यक्षा रीता रानी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर दिव्यांग जनों से संबंधित समस्याओं से अवगत करवाते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ज्ञापन सौंपा। मुख्य मांगों में दिव्यांग पेंशन 3000 रू करने और स्वतंत्र राज्य आयुक्त की नियुक्ति की रखी मांग रखा।

रीता रानी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान में दिव्यांग



पेंशन राशि मात्र 400 रूसे 1000रू तक है, जो महंगाई के इस दौर में दिव्यांगजनों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में अपर्याप्त है। उन्होंने इसे 3000 रु प्रति माह करने की अपील की, ताकि दिव्यांगजन सम्मानजनक जीवन जी सकें।

इसके अलावा, उन्होंने बिहार में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए एक पूर्णकालिक, स्वतंत्र राज्य आयुक्त की नियुक्ति को जरूरी बताया।

वर्तमान में यह पद रिक्त है, जिससे दिव्यांगजन से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे में बाधा आ रही है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रीता रानी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और इस पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

दिव्यांगजनों के अधिकारों के लिए इस मुलाकात को एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे राज्य में दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं को और मजबूती मिल सकती है।

## पुलवामा हमले में शहीद जवानों की याद में 3 रक्तवीरों ने एक साथ किया रक्तदान

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

**14 फरवरी का वह काला दिन जब देश रोया था उजड़ गई थी 40 परिवारों की खुशियां**

आज से 6 साल पहले 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में एक ऐसा आतंकी हमला हुआ था जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे और दर्जनों गंभीर रूप से घायल हुए थे। पुलवामा हमले की 6 वीं बरसी पर आज देश के हर कोने में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी जा रही है। इन शहीद जवानों की कुबार्नी को देश कभी नहीं भूलेगा। हर हमेशा उन बहादुर जवानों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।




इसी करी में सामाजिक संस्था सूर्यकला रामजी फाउंडेशन के रक्तवीर मनोज यादव उर्फ मंटून कुमार ने अपनी शादी के उपलक्ष्य और पुलवामा हमले में शहीद जवानों की याद में अपने दो अन्य साथियों के साथ 14 फरवरी को रक्तदान किया और एक तरफ समाज को मैसेज देने का ये प्रयास किया कि लोग चाहें तो अपने हर खुशी के मौके पर रक्तदान कर किसी की जिंदगी बचाने में अपना योगदान दे सकते हैं ।तो वहीं दूसरी तरफ पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को रक्तदान कर श्रद्धांजलि दिया गयो

रक्तदान करने वालों में क्रमशः मनोज यादव (बनवारीपुर), शिवपूजन कुमार (बथौली) और संजीव कुमार (बथौली) शामिल थे

इस संबंध में सूर्यकला रामजी फाउंडेशन के सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि हमारी संस्था राष्ट्रहित के लिए हर समय समर्पित भाव से कार्य करते हुए समाज के हर क्षेत्र में अपना योगदान शुरूआती दिनों से देती आई है और खासकर रक्तदान के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने और जरूरतमंद मरीजों की मदद करने का हरसंभव प्रयास करती रहती है शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आगे बताया कि हमारी संस्था के रक्तवीर मनोज यादव ने आज अपनी शादी की हल्दी रस्म के दिन 3 रक्तवीरों के साथ अपना रक्तदान कर समाज को जागरूक करने का बेहतर संदेश दिया है और आज के इस रक्तदान का श्रेय संस्था से जुड़े महेशपुर (भगवानपुर) निवासी सुमित कुमार,राधा रानी को जाता है जिनके सहयोग से आज ये रक्तदान हुओ

### शहीदों के स्मृति में एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम कर क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने दी शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि: नन्द किशोर यादव

**पटना,** । पुलवामा में शहीद हुए जवानों के छठी पुण्यतिथि पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू के नेतृत्व में सप्तमूर्ति शहीद स्मारक पर 501 दीपक जला कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी।

मौके पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने शहीदों को श्रद्धांजलि हुए कहा कि आज से 6 वर्ष पूर्व पुलवामा में पाकिस्तान ने जो कायराना हरकत की उसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। इस आतंकी हमले का बदला जिस प्रकार से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने लिया उससे देश के सैनिकों के साथ साथ देश के आम नागरिक का भी मनोबल बढ़ा।नंदकिशोर यादव ने कहा कि भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने आज इस ₹एक दीप पुलवामा शहीदों के नाम₹ श्रद्धांजलि कार्यक्रम से यह सिद्ध कर दिया कि क्रीड़ा प्रकोष्ठ खेल खिलाड़ियों के साथ साथ देश के वीर जवानों के मनोबल बढ़ाने एवं उन्हे मान सम्मान देने के लिए समर्पित है।

दीघा विधायक संजीव चौरसिया ने भी शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सैनिकों का मनोबल निश्चित रूप से बढ़ रहा है ,जो देशवासियों को देखने को मिल रहा है आज कोई भी दुश्मन देश भारत पर नजर उठाने से पहले सौ बार सोचता है, जो हम सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात हैइस अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने कहा कि देश का बच्चा बच्चा अपने देश के सैनिकों पर गर्व करता है। हम अपने घरों में चैन की नींद ले सके इसके लिए देश के जवान दिन रात सरहद पर पहरा देते है और जरूरत पड़ने पर देश के लिए अपने प्राणों की आहूति भी दे देते है। पुलवामा में पाकिस्तान द्वारा आज के दिन किए गए कायराना हरकत ने पूरे विश्व के सामने पाकिस्तान का असली चेहरा ला दिया लेकिन अब पाकिस्तान को यह समझ जाना चाहिए कि अब का भारत पहले के भारत से बदल चुका है ये नया भारत आतंकवादियों को घर में घुस कर मारने की शक्ति रखता है।

## नीलगाय के आतंक से किसान परेशान , लाखों की फसल हो रहा नुकसान

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

प्रखंड क्षेत्र में इन दोनों नीलगाय के आतंक से किसान परेशान हो गए हें।

फसलों के दुश्मन नीलगायों ने अब कई इलाकों में फसलों को व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचा रहा है। इसका आतंक इतना बढ़ गया है कि कई भागों में तो किसानों का कमर तोड़ कर रख दिया है। फसल चरने के अलावा उसे रौंदकर तहस-नहस कर रहा है। झुंड के झुंड खेतों में विचरण कर रहे इन जानवरों से किसानों के सामने बचाव के कोई उपाय नजर नहीं आ रहे हें। फसलों की बबार्दी देख किसान बेचैन हो उठे हें। भगवानपुर एवं तेघड़ा प्रखंड के दर्जनों गांव के बहियार इलाके मुसहरी, रसलपुर,तेयाय, पाली, बसही, गौरा , पासोपुर ,कटरीया, धनकौल बनहारा , खिजीर चक, चिल्हाय, रामपुर किरतौल, पकठौल ,नोनपुर, प्रबंदा के किसान नीलगायों के आतंक से परेशान है। चारों तरफ फैले ये जंगली जानवर किसानों के सैकड़ों एकड़ खेत में लगी गेहूं , मक्का ,सरसों, व अन्य फसलों को नुकसान चुके हें। गौरा 1 के किसान रंजन चौधरी, चंद्रमणि राय, रामाशीष चौधरी, अजीत कुमार, अरविंद ठाकुर



का कहना है कि इन दिनों झुंड के झुंड खेतों में विचरण कर रहा है। इसका आतंक इतना बढ़ गया है कि गेहूं, सरसों, आदि फसलों को चरने से ज्यादा उसे रौंदकर बर्बाद कर रहा है। इस वर्ष तो गेहूं का फसल बर्बाद कर किसानों की कमर ही तोड़ दी है। इसे देख किसान अपना माथा पीट रहे हें। यदि यही स्थिति रही तो लोग खेती से विमुख होने लगेंगे। वहीं नोनपुर निवासी निक्सन कुमार कुशवाहा, शंभू पंडित एवं अरविंद महतो के अनुसार जंगली जानवारों के आतंक से खेत की फसलों के अलावा इलाके में लगी फसलों को नुकसान पहुंच रही है। इनकी लगातार बढ़ती संख्या भी चिता का विषय बनी है। नीलगायों ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। सब्जी की खेती करने वाले किसान रात जगा कर इसकी रखवाली कर रहे है। प्रशासनिक स्तर से इसकी नियंत्रण नहीं की जा रही है जिसके चलते हजारों किसान इस कारण खेती छोड़ कर रोजगार की तलाश में अन्यत्र चले जाने को मजबूर हो रहे हें।

## कस्तूरबा बालिका सेंटर पर प्रशुकछु थाना अध्यक्ष ने वैक्सीन सेंटर का क्या उद्घाटन

राष्ट्र संवाद संवाददाता
पूजा सिंह

नगर परिषद क्षेत्र स्थित मध्य विद्यालय बलिया में संचालित हो रहे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में गुरुवार को 9 वर्ष से 14 वर्ष के किशोरियों को एचपीभी का वैक्सीन दिया गया। जिस कार्यक्रम का उद्घाटन बलिया थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस साक्षी कुमारी, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. गोपाल मिश्रा, ड्बूएचओ के एसएमओ डॉ. नीरजा रघु रमन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, बीपीआरओ रोहिणी कुमारी, सीडीपीओ रश्मि कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत बच्चेदानी एवं मुंह के कैंसर से बचाव हेतु 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को एचपीभी का टीकाकरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि




गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से एचपीभी टीकाकरण की शुरूआत की गई है। पहले दिन 50 से अधिक बच्चियों को बच्चेदानी एवं मुंह के कैंसर से बचाव को लेकर टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि वैक्सीन की उपलब्धता होने पर पोषण क्षेत्र के सभी विद्यालयों में अध्यनरत 9 से 14 वर्ष तक की आयु वाली बच्चियों को टीकाकरण किया जाएगा। मौके पर अस्पताल प्रबंधक एसजेड रहमान, बीसीएम सुमन कुमार, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डेन सुजाता कुमारी, मध्य विद्यालय बलिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, शिक्षक खुर्शीद आलम, नुरुल रहमान, पंकज मालाकार, मुकेश कुमार, ललिता कुमारी, इंदु कुमारी, मुन्नी कुमारी, शबाना जहां, एएनएम अनुराधा कुमारी, बबिता कुमारी, सीमा कुमारी, राजीव रंजन, यूनिसेफ के प्रतिनिधि मनीष कुमार, बिशुनदेव पासवान, अखिलेश कुमार, उत्तम कुमार, अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### वीरपुर थाना के विभिन्न कांडों का एसपी ने किया समीक्षा दिए निर्देश

राष्ट्र संवाद




**वीरपुर /बेगुसराय** थाना का औचक निरीक्षण जिले पुलिस कप्तान मनीष ने गुरुवार को किया। जिसमें वीरपुर थाना में कार्यरत थानाध्यक्ष संजीव कुमार समेत सभी अनुसंधानकर्ता को बारी बारी से बुलाकर उनका केश और डायरी का बारीकी से एक एक कर कुल 120 कांडों का समीक्षा की। साथ ही सभी अनुसंधानकर्ता कर्ता पुलिस अधिकारीयों को लंबित मामलों को तीव्रता से निष्पादन करने का निर्देश दिया। मौके पर बरौनी अंचल के पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार, थाना में कार्यरत पुलिस पदाधिकारी ऋषिकेश भारद्वाज, राकेश कुमार यादव, समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी,कर्मी और चौकीदार दफादार मौजूद थे।

### तेजस्वी की बात - बिहार के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लेने अररिया पहुंचे राजद सांसद मनोज झा, केंद्र पर जमकर बोला हमला

**फारबिसगंज/अररिया,।** अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित ह्लतेजस्वी की बात - बिहार के साथह्व कार्यक्रम की शुरूआत राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्णिया प्रमंडल संगठन प्रभारी मनोज कुमार झा ने किया है वही, इस कार्यक्रम के बाद अररिया जिला मुख्यालय पहुंचे राजद के राज्यसभा सांसद प्रोफेसर मनोज झा नेसरकार पर जोरदार हमला बोला। अतिथि गृह में पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात के दौरान उन्होंने मणिपुर की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई।

मनोज झा ने कहा कि मणिपुर में लोकतंत्र की भद्द पिटवाने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। वही, राज्यसभा सांसद ने वक्फ बिल को लेकर भी भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार बिना किसी चर्चा के इस बिल को पास कराना चाहती है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है. उन्होंने कहा कि सरकार को सड़कों पर जनता की आवाज को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह साल राजनीतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी वर्ष बिहार विधानसभा चुनाव भी होना है. इस लिहाज से यह वर्ष हमारे लिए और आपके लिए दोनों के लिए महत्वपूर्ण है. राज्यसभा सांसद ने सड़कों पर प्रदर्शन कर रही जनता की आवाज को नजरअंदाज करने के लिए भी सरकार की आलोचना की। वही, इस मौके पर राजद के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद सुकदेव पासवान , बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जोकीहाट विधायक अररिया लोकसभा से राजद प्रत्याशी रहे शाहनवाज आलम सहित सैकड़ों की संख्या में राजद के सांगठनिक पदाधिकारी कार्यकर्त्ता और आधी आबादी महिला उपस्थित रही।

### 1770 ईस्वी में बना पूर्णिया का मना स्थापना दिवस, कई कार्यक्रम आयोजित

**पूर्णिया,** । पूर्णिया जिले ने आज अपनी 255वीं सालगिरह का जश्न मनाया। 14 फरवरी 1770 को अस्तित्व में आए इस ऐतिहासिक जिले के स्थापना दिवस समारोह में उत्साह और धूमधाम का माहौल था। समारोह की शुरूआत सुबह 7 बजे मैराथन दौड़ से हुई, जिसमें स्थानीय लोग और अधिकारी शामिल हुए। इस दौड़ को डीएम कुंदन कुमार और एसपी कार्तिकेय शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद शहर भर में पुष्प प्रदर्शनी, स्वास्थ्य जांच शिविर, खेल प्रतियोगिताएं, विकास मेला और कृषि मेला आयोजित किए गए। इन मेलों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया।सांस्कृतिक आयोजनों और व्यंजन मेलों ने भी इस आयोजन को खास बना दिया। आर्ट गैलरी में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नृत्य, संगीत और अभिनय की प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही, पुष्प प्रदर्शनी में दुर्लभ प्रजातियों के फूलों की प्रदर्शनियों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। डीएम कुंदन कुमार ने जिले के ऐतिहासिक संदर्भ पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1770 में पूर्णिया का गठन हुआ था और तब यह बंगाल राज्य का हिस्सा था। बाद में, 1912 में बंगाल के विभाजन के बाद यह बिहार का हिस्सा बना।पूर्णिया के इस समृद्ध इतिहास और विकास की यात्रा पर गौरव महसूस करते हुए डीएम ने कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि वे ऐसे ऐतिहासिक जिले के जिलाधिकारी हैं।

## बलिया में शबे बरात त्यौहार सुरक्षा की कमान बेगूसराय एसपी मनीष कुमार ने पंहुच कर खुद संभाल रखी थी



राष्ट्र संवाद संवाददाता
पूजा सिंह

बलिया में शबे बरात का त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में बीती रात में इबादत और नमाज के साथ संपन्न हो गया। शबे बरात त्यौहार को लेकर बलिया में जिला एसपी मनीष कुमार ने पहुंचकर खुद से त्यौहार मना रहे लोगों का जायजा लिया और सुरक्षा कमान अपने हाथों में ही संभाल रखा था। बीती रात में लगभग 9:00 बजे बेगूसराय एसपी मनीष कुमार बलिया पहुंचकर बलिया बाजार ,पटेल चौक,लखमिनिया स्टेशन रोड, सती चौरा, लखमिनिया बाजार आदि स्थानों पर पहुंचकर खुद से पर्व त्यौहार मना रहे लोगों से भेंट की और शांति से पर्व मनाने का अनुरोध किया। शबे बरात मना रहे लोगों की शांति व्यवस्था को देखकर भी काफी संतुष्ट दिख रहे थे। वही प्रशिकछु आईपीएस सह बलिया थाना अध्यक्ष साक्षी कुमारी, बलिया एसडीओ रोहित कुमार, डीएसपी नेहा कुमारी, वर्तमान थाना अध्यक्ष रामकुमार सिंह के साथ निरीक्षण कर रहे थे। शबे बरात के अवसर पर मुस्लिम भाइयों ने बीती रात में मस्जिद में नमाज अदा की, इबादत की और अपने पूर्वजों के कब्र पर कब्रिस्तान में जाकर अपने एवं पूर्वजों के गुनाहों की माफी की तथा अमन चैन शांति की दुआ लोगों ने की। शबे बारात को लेकर नगर क्षेत्र के अंतर्गत बलिया के मीरशीकार टोला, पटेल चौक,लखमिनिया स्टेशन रोड, मामू भांजा दरगाह, बलिया बाजार हाई स्कूल, लखमिनिया बाजार नई मस्जिद चौक, मिरदः टोली बलवाही चौक ,बड़ी बलिया तकिया बाजार अनेक स्थानों पर पुलिस पदाधिकारी की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके अलावा बलिया एसडीओ रोहित कुमार, डीएसपी नेहा कुमारी, बलिया नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुजीत कुमार ,सीओ रवि कुमार, आईपीएस प्रशिक्षण साक्षी कुमारी,पूर्व थाना अध्यक्ष रामकुमार सिंह पुलिस पदाधिकारी लगातार पूरी रात क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

